संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | देहरादून, रविवार, 31 मार्च 2024 | ₹2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

चौधरी चरण सिंह के पोते और राष्ट्रीय लोक दल के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने राष्ट्रपति मुर्मु से भारत रत्न सम्मान स्वीकार किया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

एक्शन इंडिया

वर्षः 15 अंकः 88 पृष्ठः 08 RNI : UTTHIN/2009/31653

actionindiaddn@gmail.com उत्तराखण्ड संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

G R O U P
Rakesh Bhardwaj Group

आदर्श विचार

"जो पैदा हुआ है उसकी मृत्यु भी निश्चित है।"
-भगवद् गीता

मन की बात



"जब तक जीना, तब तक सीखना। अनुभव ही जगत में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक है।"
-स्वामी विवेकानंद

महारैली के लिए विपक्ष तैयार

विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए तानाशाही के खिलाफ और देश का लोकतंत्र-संविधान बचाने के लिए जनता के साथ मिलकर अपनी आवाज बुलंद करेगा

विपक्ष एकजुट

8 अगर आज देश की जनता ने आवाज नहीं उठाई तो कल कोई भी अपनी आवाज नहीं उठा पाएगा: गोपाल राय

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली: आम आदमी पार्टी के आह्वान पर 31 मार्च को आईएनडीआईए की हो रही महारैली के लिए रामलीला मैदान पूरी तरह से तैयार है। महारैली में पूरा विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए तानाशाही के खिलाफ और देश का लोकतंत्र-संविधान बचाने के लिए जनता के साथ मिलकर अपनी आवाज बुलंद करेगा। शनिवार को आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने रामलीला मैदान जाकर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि रैली में कांग्रेस से मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, एनसीपी से शरद पवार, शिवसेना से उद्धव ठाकरे, सपा से अखिलेश यादव, आरजेडी से तेजस्वी यादव और लेफ्ट समेत दर्जनों बड़े नेता शामिल होंगे। राय ने कहा कि देश का संविधान और लोकतंत्र बचाने का यह आखिरी मौका है। अगर आज देश की जनता ने आवाज नहीं उठाई तो कल कोई भी अपनी आवाज नहीं उठा पाएगा। उन्होंने कहा, दिल्लीवालों से भाजपा ने पहले सुप्रीम कोर्ट से मिला अधिकार छीन लिया और अब उनका मुख्यमंत्री छीन लिया है।

ईडी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को समन कब भेजेगी: गोपाल राय

दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत को समन भेजे जाने को लेकर गोपाल राय ने कहा कि आम आदमी पार्टी के लोगों को समन भेजना अब रोज की बात हो गई है। लेकिन देश जानना चाहता है कि जिनके ऊपर केवल आरोप है और कोई सबूत नहीं है, उनको तो ईडी रोजाना समन भेज रही है। लेकिन जमानत पर बाहर जिस आरोपित सरथ चंद्र रेड्डी के बयान के आधार पर सारी गिरफ्तारियां हो रही है और समन भेजे जा रहे हैं, जिस भाजपा ने सरथ चंद्र रेड्डी से 60 करोड़ रुपये लिए, उस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को ईडी समन कब भेजेगी।

'रैली का मकसद सिर्फ भ्रष्टाचारियों को बचाना'

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली: भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आईएनडीआईए गठबंधन पर निशाना साधते हुए रामलीला मैदान में होने वाली रैली को भ्रष्टाचार बचाओ आंदोलन करार दिया है। भाजपा ने कहा कि इस रैली का मकसद सिर्फ भ्रष्टाचारियों को बचाना है। शनिवार को मीडिया से बातचीत करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि यह रैली 'भ्रष्टाचार बचाओ आंदोलन' के अलावा और कुछ नहीं है। इस रैली का नारा है 'करेंगे भ्रष्टाचार, कहेंगे इसको शिष्टाचार, जब जांच होगी तो चिल्लाएंगे अत्याचार।' पूनावाला ने कहा कि पहले अरविंद केजरीवाल कहते थे कि वे लालू यादव, सोनिया गांधी और राहुल गांधी को जेल में डालेंगे, क्योंकि उन्होंने 'भ्रष्टाचार' किया है।

नरसिम्हा, चौधरी चरण सिंह को मिला भारत रत्न सम्मान

वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भी मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली: राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने भारत के दो पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव और चौधरी चरण सिंह को मरणोपरांत भारत रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया। इनके साथ भारत में हरित क्रांति के जनक कहे जाने वाले वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भी मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया।

परिजनों ने प्राप्त किए पुरस्कार: भारत रत्न सम्मान समारोह राष्ट्रपति भवन में आयोजित किया गया। सभी के पुरस्कार उनके परिजनों ने प्राप्त किये। पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव के बेटे पी वी प्रभाकर राव ने राष्ट्रपति से अपने पिता को प्रदान किया गया पुरस्कार प्राप्त किया। वहीं, चौधरी चरण सिंह के पोते और राष्ट्रीय लोक दल (आरएलडी) के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने मुर्मु से सम्मान स्वीकार किया। स्वामीनाथन की बेटी नित्या राव और कर्पूरी ठाकुर के बेटे रामनाथ ठाकुर ने राष्ट्रपति से पुरस्कार प्राप्त किया। समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। सरकार ने इस साल पांच भारत रत्न पुरस्कारों की घोषणा की थी, जिसमें भाजपा के दिग्गज नेता और पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी भी शामिल हैं।

गर्व का पल

8 नरसिम्हा राव के बेटे पी वी प्रभाकर राव ने राष्ट्रपति से अपने पिता को प्रदान किया गया पुरस्कार प्राप्त किया

कर्पूरी ठाकुर के बेटे ने पीएम मोदी का जताया आभार: भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर के बेटे राम नाथ ठाकुर ने कहा कि मैं बहुत प्रसन्न हूं कि केंद्र सरकार ने मेरे पिता के काम को स्वीकार किया और उन्हें यह पुरस्कार दिया।

डीएमके नेता ए राजा की कार की जांच में ढिलाई बरतने पर नपे अधिकारी

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली: तमिलनाडु के नीलगिरी से डीएमके उम्मीदवार ए राजा की गाड़ी की जांच में ढिलाई बरतने के आरोप में फ्लाइंग स्क्वॉड टीम के एक अधिकारी को निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई चुनाव आयोग ने की है। चुनाव आयोग का मानना है कि प्रमुख नेताओं के प्रति इस तरह का नरम रवैया चुनाव में समान अवसर के तालमेल को बिगाड़ सकता है। दरअसल, कुन्नूर के पास एक अंतरराज्यीय चेक पोस्ट पर एक राजा के काफिले की जांच में ढिलाई के संबंध में कुछ रिपोर्ट्स सामने आई थीं।

फ्लाइंग स्क्वॉड टीम के प्रमुख को निलंबित किया:
सूत्रों के मुताबिक, रिपोर्ट्स और उसके बाद नीलगिरी के रिटर्निंग अधिकारी और व्यय पर्यवेक्षक की जांच के आधार पर, चुनाव कर्तव्यों के पालन में कमियां पाए जाने पर फ्लाइंग स्क्वॉड टीम के प्रमुख को निलंबित कर दिया गया है।

मुख्तार के जनाजे में उमड़ा जनसैलाब, बेटे ने पिता की मूछों पर आखिरी बार ताव दिया

टीम एक्शन इंडिया
गाजीपुर: मुख्तार अंसारी के जनाजे में भारी संख्या में लोग शामिल हुए हैं। शनिवार की सुबह से लोगों का जमावड़ा शुरू हो गया था। धीरे-धीरे लोगों की संख्या बढ़ती गई। उधर, मूछों से पहचाने जाने वाले माफिया डॉन मुख्तार अंसारी के बेटे ने अंतिम विदाई से पहले पिता की मूछों पर ताव दिया। बांदा मेडिकल कॉलेज से एंबुलेंस से उसके शव को शुक्रवार को दोपहर बाद करीब 4:43 बजे गाजीपुर के लिए रवाना किया गया था। सुरक्षा के कड़े इंतजाम और एंबुलेंस सहित 21 गाड़ियों के साथ बांदा से गाजीपुर की दूरी करीब 8.32 घंटे में तय हुई। मुख्तार अंसारी की मौत गुरुवार की रात बांदा मेडिकल कॉलेज में हार्टअटैक से हुई थी। शुक्रवार को पोस्टमार्टम हुआ, फिर शव परिजनों के सुपुर्द करके करीब 4.43 बजे एंबुलेंस से गाजीपुर के लिए भेजा गया था।

हेमा मालिनी के सामने बॉक्सर विजेंदर लड़ेंगे चुनाव

चुनावी बिसात

8 मथुरा लोकसभा सीट से बॉक्सर विजेंदर सिंह को कांग्रेस ने टिकट देकर चुनावी मुकाबला रोमांचक बना दिया

टीम एक्शन इंडिया
मथुरा: मथुरा लोकसभा सीट से अंतर्राष्ट्रीय बॉक्सर विजेंदर सिंह को कांग्रेस ने टिकट देकर चुनावी मुकाबला काफी रोमांचक बना दिया है। यहां दो बार की सांसद हेमा मालिनी से बॉक्सर विजेंदर सिंह की सीधी टक्कर होगी। जाट बाहुल्य

सीट पर कांग्रेस ने जाट कार्ड खेल कर इस चुनाव में कांग्रेस ने सभी को चौंका दिया है। भाजपा ने मथुरा से दो बार की सांसद फिल्म अभिनेत्री हेमा मालिनी को प्रत्याशी बनाया है। हालांकि यहां से रालोद का साथ भी उन्हें मिला हुआ है।

दूसरे चरण में है मतदान: मथुरा लोकसभा सीट पर दूसरे चरण यानी 26 अप्रैल को वोटिंग होगी। चुनाव के नतीजे चार जून को आ जाएंगे।

दो बार दर्ज की जीत: भाजपा प्रत्याशी हेमा मालिनी ने पिछले दो लोकसभा चुनावों यानी 2014 और 2019 मथुरा लोकसभा से जीत हासिल की थी। साल 2019 हेमा मालिनी को टक्कर देने के लिए 12 अन्य उम्मीदवार मैदान में थे। कांग्रेस ने महेश पाठक, राष्ट्रीय लोक दल ने कुंवर नरेंद्र सिंह, स्वतंत्र जनताराज पार्टी ने ओम प्रकाश को मैदान में उतारा था। मगर हेमा मालिनी ने जोरदार जीत हासिल की थी। वहीं साल 2014 में भी हेमा मालिनी ने यहां जीत दर्ज की थी। बीजेपी ने मथुरा लोकसभा सीट पर लगातार तीसरी बार हेमा मालिनी को उतारा है।

भाजपा ने किया मैनिफेस्टो कमेटी का एलान

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली: भाजपा ने अपनी मैनिफेस्टो कमेटी का एलान कर दिया है। दिग्गज भाजपा नेता और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को इस कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं, निर्मला सीतारमण को इसका संयोजक और पीयूष गोयल को सह संयोजक बनाया गया है। भाजपा मैनिफेस्टो कमेटी में अध्यक्ष समेत 27 सदस्यों को शामिल किया गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में यह समिति लोकसभा चुनाव के लिए अपने चुनावी वादों को लेकर विचार-

विमर्श करेगी और उन्हें अमलीजामा पहनाएगी। इसके लिए समिति देश भर के लोगों से सुझाव मांगेगी।
इस समिति के 27 सदस्यों में गुजरात, असम और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों के मुख्यमंत्रियों के अलावा कई अन्य केंद्रीय मंत्रियों को शामिल किया गया है।

पीएम के विकसित भारत अभियान में खिलाड़ी भी करें सहयोग: त्रिवेंद्र सिंह

टीम एक्शन इंडिया
हरिद्वार: हरिद्वार से भाजपा उम्मीदवार पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने शनिवार को खिलाड़ियों के सम्मेलन में युवा खिलाड़ियों से कहा कि वे भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के अभियान में अपना सहयोग करें। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले दस साल में देश में खेलों के साथ खिलाड़ियों को भी हर क्षेत्र में प्रोत्साहित किया है।

पश्चिमी विक्षोभ

लाहौल-स्पीति में 159 सड़कें बंद

हिमाचल प्रदेश में अंधड़-बर्फबारी से बढ़ी मुश्किलें

टीम एक्शन इंडिया
शिमला: हिमाचल प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम बदल गया है। ओरेंज अलर्ट के बीच राज्य के ऊंचाई वाले इलाकों में बीती रात से बर्फ गिर रही है। लाहौल-स्पीति, किन्नौर, कुल्लु में बर्फबारी हो रही है। वहीं राजधानी शिमला सहित मैदानी इलाकों में आंधी व बिजली कड़कने के साथ झमाझम बारिश का दौर जारी है। वहीं कई जगह ओले भी गिरे। मौसम में आये इस बदलाव से पहाड़ी इलाकों में ठिठुरन बढ़ गई है तो मैदानों में उमस का असर कम हुआ है। पिछले दो-तीन दिनों में राज्य के मैदानी हिस्सों

का तापमान तेजी से बढ़ रहा था। ऊना, कांगड़ा, मंडी, बिलासपुर और हमीरपुर जिलों में अधिकतम तापमान के 33 डिग्री पार कर जाने से गर्मी पड़ना शुरू हो गई थी। ऊना में तो पारा 35 डिग्री पहुंच गया था। अब इन जिलों में बादलों के बरसने से मौसम सुहावना हो गया है।

चार अप्रैल तक खराब रहेगा मौसम: मौसम विभाग ने चार अप्रैल तक बारिश व बर्फबारी की संभावना जताई है। विभाग ने शनिवार और रविवार को कई जिलों में बर्फबारी, बारिश और अंधड़ चलने का ओरेंज

बर्फबारी

8 ओरेंज अलर्ट के बीच राज्य के ऊंचाई वाले इलाकों में बीती रात से बर्फ गिर रही है

व येलो अलर्ट जारी किया है।
ओरेंज अलर्ट तब जारी किया जाता है जब मौसम सामान्य की तुलना में ज्यादा खराब होता है। इस स्थिति में लोगों को घरों से कम से कम बाहर निकलने की हिदायत दी जाती है।

चिकित्सकों के साथ गुंडागर्दी और युवक के साथ मारपीट करने के मामले में आरोपित गिरफ्तार

तोड़फोड़

8 गठित टीम के द्वारा आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए अस्पताल के सीसीटीवी फुटेज की जांच की

ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया

ऋषिकेश पुलिस ने राजकीय चिकित्सालय में कार्यरत चिकित्सकों के साथ गुंडागर्दी करने और युवक के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों ने पहले एक युवक के साथ मारपीट की। फिर जब युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया तो वहां भी आरोपितों ने पहुंचकर युवक के साथ मारपीट की और अस्पताल के चिकित्सकों के साथ गुंडागर्दी की और अस्पताल में तोड़फोड़ की।

कोतवाली ऋषिकेश प्रभारी शंकर सिंह बिष्ट ने बताया कि पप्पू पुत्र सोरेन निवासी आईडीपीएल कॉलोनी ने एक लिखित तहरीर दी थी कि उनका पुत्र शुभम विगत 25 मार्च को होली पर्व की शाम लगभग 6 बजे अपने परिवार के साथ बैठा हुआ था। अचानक नेहरू ग्राम के राजकुमार राजभर व उसके साथ अन्य कुछ लोग आए और उनके पुत्र पर लाठी डंडों से हमला कर उसे बुरी तरह जख्मी कर दिया। आसपास के लोगों ने बड़ी मुश्किल से उसे बचाया। इसके बाद वह अपने पुत्र को लेकर सरकारी अस्पताल पहुंचे तो थोड़ी देर में उक्त सभी लोगों ने सरकारी अस्पताल पहुंचकर भी उनके पुत्र के साथ मारपीट करते हुए अस्पताल में तोड़फोड़ की। उनके पुत्र को गंभीर चोटें आई हैं। उसका इलाज ऋषिकेश एम्स में चल रहा है।

प्रभारी शंकर सिंह बिष्ट ने बताया कि आरोपितों के द्वारा पीड़ित पक्ष को सरकारी अस्पताल में मेडिकल कराने के दौरान भी इमरजेंसी वार्ड में जाकर पुनः मारपीट की गई तथा अस्पताल में सरकारी सामान को क्षतिग्रस्त कर अस्पताल स्टाफ के साथ धक्का-मुक्की करते हुए सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाई गई। इसके पश्चात सभी वहां से फरार हो गए। इस संबंध में इमरजेंसी में ड्यूटी पर नियुक्त डॉक्टर शुभा के द्वारा भी एक तहरीर दी गई है। पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया।

उन्होंने बताया कि आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा उपरोक्त दोनों घटनाओं से संबंधित आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए अस्पताल के सीसीटीवी फुटेज की जांच और आसपास के लोगों से पूछताछ की। इसके बाद घटना से शामिल 05 आरोपितों को आईडीपीएल स्थित पुराने गेस्ट हाउस के पास खंडहर से गिरफ्तार कर लिया। इनके कब्जे से घटनाओं में प्रयुक्त लोहे की रोड, हॉकी, बेसबॉल डंडे आदि बरामद किये गए हैं। गिरफ्तार आरोपितों के नाम राजकुमार राजभर पुत्र छोटेलाल निवासी गली नंबर 12 नेहरू ग्राम, आईडीपीएल, मनोज राजभर पुत्र छोटेलाल, मनीष राजभर पुत्र विजय कुमार, गुलाब राजभर पुत्र जय राम राजभर, दीपक उर्फ दीपू पुत्र स्वर्गीय राजेश बताए गए हैं।

भाजपा महिला मोर्चा कमल मेहंदी कन्या शक्ति पूजन कार्यक्रम का करेगा आयोजन

ऐलान

8 लोकसभा चुनाव में जीत दिलाने के लिए भाजपा महिला मोर्चा ने कार्यक्रमों का ऐलान कर दिया है।

ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया

लोकसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवारों को ऐतिहासिक जीत दिलाने के लिए भाजपा महिला मोर्चा ने आगामी कार्यक्रमों का ऐलान कर दिया है। इसके अंतर्गत 9 अप्रैल से लेकर 17 अप्रैल तक नवरात्रि में कमल मेहंदी कन्या शक्ति पूजन के कार्यक्रम आयोजित करने के साथ कीर्तन भजन का भी आयोजन किया जाएगा।

यह जानकारी भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल ने शनिवार को देते हुए बताया कि उम्मीदवारों के समर्थन में घर-घर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। प्रभावी महिला मतदाताओं की सूची तैयार कर ली गई है और उनके साथ संवाद और संपर्क किया जाएगा। उनका कहना है कि स्वयं सहायता समूहों के साथ एनजीओ महिलाओं के साथ संपर्क और संवाद स्थापित करने का भी प्लान तैयार किया गया है।

उन्होंने कहा कि एक अप्रैल से लेकर 8 अप्रैल तक शक्ति केंद्र स्तर पर महिला सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 100 से लेकर 150 तक महिलाओं को आमंत्रित किया जाएगा।

भाजपा महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल का कहना है कि बूथ स्तर पर नवरात्रि के पर्व को भी मनाने की योजना बनाई गई है। 9 अप्रैल से लेकर 17 अप्रैल तक नवरात्रि में कमल मेहंदी कन्या शक्ति पूजन के कार्यक्रम आयोजित करने के साथ कीर्तन भजन का भी आयोजन किया जाएगा। जिसमें स्थानीय महिलाओं को आमंत्रित किया जाएगा। सभी बूथ पर महिला बैठकें आयोजित की जाएंगी।

न्यूज फ्लैश

अवैध शराब के साथ 04 आरोपित गिरफ्तार, 1000 लीटर लाहन किया नष्ट

हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया

लक्सर पुलिस ने अवैध शराब कारोबारियों पर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस टीम ने अलग-अलग जगह पर छापेमारी कर चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से 130 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। साथ ही शराब बनाने के उपकरणों को जब्त करते हुए एक हजार लीटर लाहन को मौके पर ही नष्ट किया गया है।

कोतवाली प्रभारी राजीव रौथाण ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए क्षेत्र में नशा तस्करों व शराब माफियाओं के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत चौकी प्रभारी कमलकांत रतूड़ी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अलग-अलग जगह पर छापेमारी करते हुए चार लोगों सोनू पुत्र तेलू, अरुण पुत्र सुनील निवासीगण भुवापुर थाना पथरी जिला हरिद्वार व जगमोहन पुत्र श्यामलाल निवासी रामपुर रायघटी, पवन पुत्र जगन लाल निवासी पंचेवली थाना लक्सर को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के पास से 130 लीटर शराब, शराब बनाने के उपकरण व 1000 लीटर लाहन बरामद हुआ। लाहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया।

शांतिभंग में पुलिस ने किया छह का चालान

हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया

ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर झगड़ा कर शांति व्यवस्था भंग कर रहे छह लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनका चालान कर दिया है।

जानकारी के मुताबिक ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने तीन स्थानों पर आपस में झगड़ा होने की सूचना मिली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आपस में झगड़ा कर रहे छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपितों ने अपने नाम मनोज कुमार पुत्र बलबीर सिंह, अमित कुमार पुत्र बलबीर सिंह निवासीगण शास्त्री नगर कोतवाली ज्वालापुर, बृजेश कुमार पुत्र बाबूराम निवासी मोहल्ला कडच्छ कोतवाली ज्वालापुर, राहुल चौहान पुत्र जगदीश निवासी धीरवाली निकट भैरो मंदिर कोतवाली ज्वालापुर, अलवीश पुत्र मुसरत अली निवासी ग्राम लहबोली थाना मंगलौर, हरिद्वार, विक्की पुत्र ओमप्रकाश निवासी बाल्मीकि बस्ती निकट काली माता मंदिर कोतवाली ज्वालापुर हरिद्वार बताए।

अंतर्जनपदीय बैरियरों पर चमोली पुलिस की तीसरी आंख कर रही निगरानी

गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया

लोकसभा चुनाव के चलते चमोली पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। एक तरफ जहां शराब माफियाओं सहित नशे की तस्करी करने वाले तस्करों पर कार्रवाई की जा रही है, वहीं चुनावों के दृष्टिगत जिले में स्थापित सात अंतर्जनपदीय बैरियरों पर अन्य जिलों से आने वाले वाहनों की गहनता से जांच करने के पश्चात ही चमोली जिले की सीमा में प्रवेश करने दिया जा रहा है। साथ ही तीसरी आंख ड्रोन की सहायता भी ली जा रही है। पुलिस अधीक्षक चमोली सर्वेश पंवार के निर्देशन में अंतर्जनपदीय बैरियरों की चैकसी बढ़ाते हुए पुलिस की ओर से ह्नतीसरी आंखह्व ड्रोन की सहायता से बैरियरों पर होने वाली संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है।

गोकशी करते एक गिरफ्तार

हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया

गोवंश संरक्षण स्क्वाड व लक्सर पुलिस की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए गांव लादपुर से एक व्यक्ति को गोकशी करते हुए गिरफ्तार किया है। इस दौरान उसके साथी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने गिरफ्तार व्यक्ति के पास से गोमांस व गोकशी के उपकरण बरामद किए हैं। पुलिस फरार आरोपितों की तलाश में जुट गई है।कोतवाली प्रभारी राजीव रोधन ने बताया कि गोवंश संरक्षण स्क्वाड हरिद्वार टीम के उप निरीक्षक शरद सिंह को मुखबिर द्वारा ग्राम लाडपुर क्षेत्र में कुछ व्यक्तियों द्वारा गोकशी करने की सूचना मिली। जिस पर कार्रवाई करते हुए उप निरीक्षक शरद सिंह की टीम के साथ मिलकर लक्सर कोतवाली उप निरीक्षक हरीश गैरोला ने लादपुर में छापेमारी की।

उत्तराखंड में बदला मौसम का मिजाज, गर्मी से राहत के आसार

देहरादून/टीम एक्शन इंडिया

उत्तराखंड में मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। शनिवार को सुबह से ही देहरादून में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। बारिश से सुबह मौसम खुशनुमा हो गया था, लेकिन दोपहर के समय धूप खिलने से तपिश पड़ने लगी। वहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने, ओलावृष्टि, झोंकेदार हवा चलने को लेकर मौसम विभाग ने 30 मार्च को ऑरेंज तो 31 मार्च को येलो अलर्ट जारी किया है।

प्रदेश में पिछले कई दिनों से मौसम शुष्क है और चटख धूप खिल रही है। इससे तपिश पड़ रही है। एक सप्ताह के भीतर ही अधिकतम और न्यूनतम तापमान में वृद्धि होने से सुबह-शाम की ठंड कम हो गई है। मैदानी इलाकों में बारिश नहीं होने के कारण लोगों को अभी से ही तेज गर्मी का अहसास हो रहा था। ओलावृष्टि और आंधी के पूर्वानुमान से मैदानी इलाके के लोगों को बढ़ती गर्मी से राहत मिलने के आसार हैं।

ऊंची चोटियों पर बर्फबारी की संभावना

मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार 30-31 मार्च और 02-03 अप्रैल को राज्य के चार हजार मीटर और उससे अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना है।

इन जिलों में गरजेंगे बादल, ओलावृष्टि और तेज हवा चलने के आसार

पिथौरागढ़, नैनीताल, बागेश्वर, देहरादून, हरिद्वार, उधम सिंह नगर, चमोली, रूद्रप्रयाग, टिहरी गढ़वाल, पौड़ी गढ़वाल, अल्मोड़ा, चंपावत, उत्तरकाशी में 30 और 31 मार्च को गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने, ओलावृष्टि, झोंकेदार हवा चलने का पूवार्नुमान है। 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना है। मौसम विभाग के पूवार्नुमान के बाद प्रशासन अलर्ट मोड पर है। संवेदनशील स्थानों पर टीम, जेसीबी और मशीन तैयार रखना को कहा गया है।

गंगोत्री-यमुनोत्री धाम में हुई बर्फबारी

बर्फबारी

8 जहां निचले इलाकों में बारिश हो रही है, वहीं गंगोत्री धाम क्षेत्र सहित ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी भी हुई है

उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया

उत्तरकाशी में गंगोत्री धाम और यमुनोत्री धाम सहित ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी हुई है।

गंगोत्री धाम के रावल राजेश सेमवाल ने बताया कि शनिवार को सुबह से ही जहां निचले इलाकों में बारिश हो रही है, वहीं गंगोत्री धाम क्षेत्र सहित ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी भी हुई है। बारिश और बर्फबारी होने से मौसम भी खुशनुमा हो गया है। वहीं यमुनोत्री धाम में भी बर्फबारी हुई है। जिले के कुछ हिस्सों में ओलावृष्टि होने की भी सूचना है।

टैगोर चिल्ड्रन एकेडमी हाईस्कूल में पुरस्कार समारोह का आयोजन

गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया

चमोली जिले के पोखरी में टैगोर चिल्ड्रन एकेडमी हाईस्कूल विनायक धार में शनिवार को वार्षिक परीक्षाफल पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का मुख्य अतिथि भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता मयंक पंत और अभिभावक संघ के अध्यक्ष बीरेंद्र पाल भंडारी, विद्यालय के प्रबन्धक अजय जोशी ने दीप प्रज्वलन कर किया।

समारोह में विद्यालय के प्रबन्धक अजय जोशी ने विद्यालय में साल भर की गई विभिन्न प्रतियोगिताओं के बारे में जानकारी दी।

लोकसभा चुनावः संकल्प पत्र में भाजपा का 'ज्ञान' पर फोकस, जानें क्या होगा खास

देहरादून/टीम एक्शन इंडिया

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) लोकसभा चुनाव के लिए अपना घोषणा पत्र तैयार करने में जुटी है। भाजपा अपने घोषणा पत्र को संकल्प पत्र कहती है। माना जा रहा है कि इस बार का घोषणा पत्र गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं को ध्यान में रखकर बनाया जा रहा है। भाजपा का इस बार का घोषणा पत्र 2047 तक देश को विकसित बनाने की योजना पर आधारित होगा।

चुनाव से पहले उत्तराखंड में भाजपा को संकल्प पत्र के लिए सुझाव प्राप्त हुए हैं। लोकसभा चुनाव के लिए उत्तराखंड भाजपा ने संकल्प पत्र तैयार करने के लिए पूरे प्रदेश से समाज के अलग-अलग वर्ग के लोगों से सुझाव मांगे थे। इन सुझावों पर पार्टी की घोषणा पत्र समिति विचार कर रही है। इन्हीं सुझावों के आधार पर पार्टी अपना घोषणा पत्र तैयार करेगी। 19 अप्रैल को पहले चरण के मतदान से पहले भाजपा अपना घोषणा पत्र जारी कर सकती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने भाषणों में चार जातियों की बात करते हैं। इनमें गरीब, युवा, किसान और महिलाएं शामिल हैं। प्रधानमंत्री इन्हें "ज्ञान" कहकर संबोधित करते हैं। इसे वे गरीब (जी), युवा (वाई), अन्नदाता

(ए) और नारी शक्ति (एन) के रूप में परिभाषित करते हैं। माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री की बताई इन चारों जातियों के इर्द-गिर्द ही भाजपा का 2024 का घोषणा पत्र रहेगा।

उत्तराखंड के 70 विधानसभा से 70 हजार लोगों ने भाजपा को भेजे सुझाव

सुझाव प्राप्त करने के लिए भाजपा ने चुनाव प्रबंधन समिति का गठन किया था। समिति के संयोजक हरिद्वार लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार त्रिवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि लगभग एक महीने से ज्यादा समय बीत जाने के बाद उत्तराखंड की 70 विधानसभा के 70 हजार लोगों ने भाजपा को अपने सुझाव भेजे हैं, जिन्हें समिति केंद्र और राज्य को भेजने वाली है।

60 फीसदी राज्य तो 40 फीसदी सुझाव केंद्र को भेजेगी भाजपा

चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक त्रिवेंद्र रावत ने बताया कि सभी सुझावों में से 60 फीसदी सुझाव राज्य को जबकि 40 फीसदी सुझाव केंद्र को प्रेषित किए जाएंगे।

भाजपा ने एक दिवसीय कार्यशाला का किया आयोजन

हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया

आगामी लोकसभा चुनाव में हरिद्वार से भाजपा उम्मीदवार त्रिवेंद्र सिंह रावत को जिताने को लेकर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों ने मण्डल अध्यक्ष जितेंद्र सैनी व जिला सह संयोजक शिक्षा प्रकोष्ठ मास्टर कृष्ण पाल चौहान नेतृत्व में बाणगंगा 2 शक्ति केंद्र धारीवाला में स्थित एक फार्म हाउस में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में पूर्व कैबिनेट मंत्री यतीश्वरानंद, पूर्व जिला अध्यक्ष व कार्यकारिणी सदस्य सुशील चौहान, हरिद्वार ग्रामीण विधानसभा विस्तारक चंडी प्रसाद कुकरेती, विधानसभा प्रभारी आदेश सैनी, जिला भाजपा मंत्री नेत्रपाल चौहान सहित कई पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष जितेंद्र सैनी ने किया। कार्यशाला के अन्तर्गत 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार को जीताकर तीसरी बार नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनाने को लेकर चर्चा की गई।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री यतीश्वरानंद ने कहा कि प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी का बूथ सशक्तिकरण कार्यक्रम चल रहा है, जिसमें सभी कार्यकर्ता दिन-रात कार्य कर बूथ को मजबूत करने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर प्रदेश और संपूर्ण देश में बूथ सशक्तिकरण अभियान जोर-शोर से चल रहा है। सभी कार्यकर्ता समर्पित होकर चुनाव में जुट जाएं।

आस्था का प्रतीक ऐतिहासिक झंडा मेला शुरू, जयकारों से गूंज उठा दरबार

देहरादून/टीम एक्शन इंडिया

श्रद्धा एवं आस्था का प्रतीक ऐतिहासिक झंडा मेला में शनिवार को आस्था का सैलाब उमड़ा पड़ा। देश-विदेश से बड़ी संख्या में संगतें व श्रद्धालु गुरु की नगरी पहुंचे हैं। सुबह से झंडे को उतारने की प्रक्रिया शुरू है। इस दौरान जयकारों से दरबार के आसपास का क्षेत्र गूंज उठा। दरबार साहिब के सज्जादानशीन महंत देवेन्द्र दास महाराज की अगुआई में झंडे का आरोहण किया जाएगा। पंजाब के हरभजन सिंह दर्शनी गिलाफ चढ़ाएंगे।

श्री गुरु राम राय दरबार साहिब में 86 फीट ऊंचे और 3 फीट मोटे झंडेजी के आरोहण के प्रकिया के साथ आज से झंडा मेला शुरू हो

गया है। मेले के सुरक्षा को लेकर पुलिस ने चाकचौबंद व्यवस्था की गई है।सुबह से पूजा अर्चना कर झंडे को उतारने की प्रक्रिया शुरू हुई। संगतों की ओर से दूध, दही, घी, मक्खन, गंगाजल और पंचगव्यों से झंडे को स्नान के साथ विधिवत वैदिक विधान से पूजा अर्चना के पश्चात अरदास की गई। सुबह दस बजे से झंडे (पवित्र ध्वज दण्ड) पर गिलाफ चढ़ाने का कार्य शुरू हुआ। दोपहर 2 बजे से 4 बजे के बीच झंडे का विधिवत आरोहण किया जाएगा। इस बार पंजाब के होशियारपुर निवासी हरभजन सिंह पुत्र हरीसिंह को दर्शनी गिलाफ चढ़ाएंगे।

दरबार साहिब, झंडा मेला आयोजन समिति के सह व्यवस्थापक विजय गुलाटी ने बताया कि परंपरानुसार झंडा आरोहण के तीसरे दिन नगर परिक्रमा का आयोजन किया जाता है। दरबार साहिब देहरादून के महंत देवेन्द्र दास महाराज की अगुआई में सोमवार 01 अप्रैल को ऐतिहासिक नगर परिक्रमा होगी। इसके बाद ब्रह्मलीन महंत साहिबान के समाधि स्थल पर मत्था टेकने के बाद सहारनपुर चौक होते हुए दोपहर 12 बजे नगर परिक्रमा दरबार साहिब पहुंचकर सम्पन्न होगी।

एलईडी स्क्रीन पर मेले का सजीव प्रसारण

दरबार साहिब मेला समिति ने दरबार साहिब परिसर में 5 एलईडी स्क्रीनों की व्यवस्था की गई है। एलईडी स्क्रीनों, फेसबुक एवं यूट्यूब पर मेले का सजीव प्रसारण किया जा रहा है।

झंडे मेले का यह है ऐतिहासिक महत्व

सिखों के सातवें गुरु गुरु हर राय के बड़े पुत्र गुरु राम राय महाराज का जन्म सन 1646 ई. में जिला होशियारपुर के कीरतपुर, पंजाब में हुआ था। गुरु राम राय महाराज ने देहरादून को अपनी तपस्थली चुना व दरबार साहिब में लोक कल्याण के लिए विशाल झंडा लगाकर श्रद्धालुओं को ध्वज से आशीर्वाद लेने का संदेश दिया था। होली के पांचवें दिन चैत्रवदी पंचमी को गुरु राम राय जी महाराज के जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता है व हर साल झंडे मेल का आयोजन किया जाता है।

अंतरराष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन में देवभूमि पर जुटेंगे देश-विदेश के बौद्ध विद्वान

देहरादून/टीम एक्शन इंडिया

वर्ल्ड थेरवाद बुद्धिस्ट सेंटर की ओर से एक अप्रैल को देहरादून में थेरवाद बौद्ध धर्म और सामाजिक जुड़ाव पर आधारित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन के मुख्य अतिथि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द और उत्तराखंड के राज्यपाल ले.ज. गुरमीत सिंह (सेनि) होंगे।

अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के जरिए देवभूमि पर देश-विदेश के बौद्ध विद्वानों का समागम होगा। सम्मेलन में अंतरराष्ट्रीय बौद्ध



संघ परिषद के महानायक महाथेरा प्रमुख डॉ. एल अश्वघोष धार्मिक गुरु के रूप में प्रतिभाग करेंगे। मुख्य अतिथि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द का देवभूमि पर एक घंटे का कार्यक्रम है। अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में वे शाम चार बजे उपस्थित शामिल और पांच बजे तक रहेंगे। सम्मेलन की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं।

यह सम्मेलन वर्ल्ड थेरवाद बुद्धिस्ट सेंटर के अध्यक्ष डॉ. एमके औतानी और वर्ल्ड फैलोशिप ऑफ बुद्धिस्ट यूथ के उपाध्यक्ष अकी हितो की ओर से आयोजित किया जाएगा। डॉ. एमके औतानी उत्तराखंण्ड अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व बौद्ध सदस्य रह चुके हैं।

उपायुक्त सुमित खिमटा ने पांवटा साहिब होली मेले की तीसरी सांस्कृतिक संध्या का किया शुभारंभ

आस्था

8 खिमटा ने कहा कि गुरु की नगरी का यह मेला बड़ा ही ऐतिहासिक है और लोगों की आस्था का प्रतीक है।

एसपी जैरथ

नाहनः उपायुक्त सिरमौर सुमित खिमटा ने शुक्रवार सांय पावटा साहिब में आयोजित होली मेले की तीसरी सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ किया। उपायुक्त ने तीसरी सांस्कृतिक संध्या में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की तथा दीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक संध्या का विधिवत शुभारंभ किया।सुमित

खिमटा ने कहा कि गुरु की नगरी का यह मेला बड़ा ही ऐतिहासिक है और सभी धर्मों के लोगों की आस्था का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि देवभूमि हिमाचल में हर वर्ष मेले और त्यौहारों का आयोजन धूमधाम के साथ किया जाता है। इन आयोजनों में क्षेत्र के लोग अपने परिवारों सहित बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते हैं। हिमाचल के कुछ मेले और त्यौहार तो विश्व प्रसिद्ध हैं जिसमें कुल्लू का दशहरा, मंडी की शिवरात्रि, चंबा का मिंजर, रामपुर का लवी और सिरमौर का रेणुका जी मेला प्रमुखता से शुमार हैं। सिरमौर जनपद की बात करें तो सिरमौर जिला में भी विभिन्न मेलों और त्योहारों का आयोजन परम्परागत एवम् धूमधाम के साथ किया जाता है।सुमित खिमटा ने कहा कि मेलों में जहां हमें पहाड़ी संस्कृति की झलक देखने को मिलती है वहीं यह मेले हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में भी अहम भूमिका निभाते हैं और साथ ही हमें आपसी सौहार्द और भाईचारे का संदेश भी देते हैं।पांवटा साहिब में आयोजित होने वाला होली मेला क्षेत्र के प्रसिद्ध मेलों में शुमार है। हजारों की संख्या में विभिन्न क्षेत्रों के लोग इस मेले का आनंद उठाने आते हैं। उपायुक्त ने कहा कि पूर्व की भांति इस वर्ष भी होली मेले के अवसर पर शानदार सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन किया गया। जिसमे प्रसिद्ध कलाकारों दारा प्रस्तुत किये गये सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सभी ने भरपूर आनंद उठाया। इससे पहले कार्यक्रम में पहुंचने पर नगर परिषद पांवटा साहिब द्वारा उपायुक्त सिरमौर सुमित खिमटा का भव्य स्वागत किया गया व नगर परिषद पांवटा साहिब की तरफ से उपमंडलाधिकारी एवं कार्यकारी अधिकारी पांवटा साहिब गुंजित चीमा ने मुख्य अतिथि को टोपी शॉल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।सांस्कृतिक संध्या में कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसमें पहाड़ी और पंजाबी कलाकार शामिल रहे।

जल्द बुलाई जाएगी सर्व देवता समिति की बैठक

बैठक

8 सर्व देवता सेवा समिति की कार्यकारिणी की बैठक शिव पाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई

खेमचंद शास्त्री

मंडीः सर्व देवता सेवा समिति की कार्यकारिणी की बैठक संस्कृति सदन/देव सदन में अध्यक्ष शिव पाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई।इस बैठक में निम्न प्रस्तावो पर चर्चा की गई जिसमें शिवरात्रि 2024 जो आठ से पन्द्रह मार्च तक मनाई गई उस पर सभी कारदारों के सुझाव लिए और इस पर चिंतन किया गया और कारदारों को जो समस्या आई उसका समाधान आगामी शिवरात्रि से पहले किया जाएगा स जलेब जो शिवरात्रि के दौरान निकली जाती है देवी देवताओं को क्रम अनुसार बैठाने के लिए स्थान चिन्हित करवाया जाए ताकि श्री माधोराय जी को निकालने पर माधो राय जी की पौड़ीयों के नीचे अच्छी व्यवस्था बने ताकि जलेब आसानी से निकल सके। इस सम्बन्ध पर प्रशासन के साथ चर्चा की जाएगी और समाधान निकालने की कोशिश की जाएगी। देव सदन में जो देवी देवता और बंजत्री और देवलू ठहरते है उनकी व्यवस्था और भवन की क्षमता को देखते हुए देवता के साथ केवल 50 हरियांन ही रहेंगे और अन्य व्यक्तियों की वयवस्था कारदार खुद करेंगे स दस विश्वा जमीन लेने के लिए जिन देवताओं के मामले भाषा अधिकारी के पास पहुंचे है उसमे प्रगति लाने के लिए प्रशासन ने कार्यवाही शुरू कर है कारदारों से अनुरोध है की प्रशासन का पूरा सहयोग करें। सर्व देवता सेवा समिति के कार्य को देखते हुए गत वर्ष कार्यकारिणी की समिति में एक पद उप प्रधान का रखा गया था परंतु कार्य शैली को देखते हुए इस पद को निष्कासित करने के लिए सभी कार्यकारिणी ने अपनी सहमति दी जिसे सर्व सम्मति से पास किया गया।

संक्षिप्त खबरें

बिना एनओसी व बिना नक्शा पास भवनों को महंगी बिजली देने व सब्सिडी खत्म करने के निर्णय का विरोध किया गया

चमन शर्मा

शिमलाः

शिमला नागरिक सभा ने बिना एनओसी व बिना नक्शा पास भवनों को महंगी बिजली देने व सब्सिडी खत्म करने के निर्णय का विरोध किया है व इसे सरकार व विद्युत नियामक आयोग का जनता विरोधी कदम करार दिया है। नागरिक सभा ने प्रदेश सरकार व विद्युत नियामक आयोग से मांग की है कि वे जनता के हित में इस निर्णय को वापिस लें। नागरिक सभा ने इस जनविरोधी निर्णय के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी दी है। नागरिक सभा ने पानी व कूड़े की दरों को बढ़ाने के खिलाफ , स्मार्ट मीटर योजना को रद्द करने तथा इस मुद्दे पर 1 अप्रैल को शिमला में प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है।नागरिक सभा संयोजक संजय चौहान व सह संयोजक विजेंद्र मेहरा ने प्रदेश सरकार को चेतावनी दी है कि अगर बगैर नक्शा पास व बिना एनओसी वाले उपभोक्ताओं की सब्सिडी खत्म की गई, घरेलू दरों का स्लैब सवा छः रुपये किया गया व प्रतिमाह सरकार द्वारा 125 यूनिट फ्री बिजली देने के निर्णय को लागू न किया गया तो इसके खिलाफ जनता सडकों पर उतरेगी। उन्होंने कहा है कि प्रदेश सरकार ने मार्च 2022 में बिना एनओसी वाले भवन मालिकों को भी घरेलू उपभोक्ता की श्रेणी में रखा था व उनके लिए भी वही नियम शर्तें लागू किये गए थे जोकि नगर निकायों से एनओसी प्राप्त भवन मालिकों के लिए लागू थे। शिमला नगर निगम व अन्य नगर निकायों में काफी इलाके नगर निगमों की स्थापना के काफी बाद में जोड़े गए थे जिन्हें मर्ज्ड एरिया भी कहा जाता है। इन मर्ज्ड एरिया में नगर निगम में शामिल होने से पहले बने मकानों के लिए कोई एनओसी व नक्शा की जरूरत नहीं होती थी। ऐसे हजारों भवन बिना एनओसी व नक्शा के हैं जिसमें जनता की कोई गलती नहीं है। शिमला शहर जैसी जगह में कई गरीब बस्तियों में जनता ने कड़ी मेहनत से की कमाई से मकान बनाए हैं जिन्हें एनओसी नहीं दी गयी। हालांकि सरकारें इन गरीबों को मकान बनाने के लिए दो बिस्वा जमीन देने की घोषणाएं कई बार कर चुकी हैं जो आज तक नहीं मिली। सरकार के प्रशासनिक आदेशों व निर्णयों के नतीजा जनता क्यों भुगते। सत्तारुढ़ रही सभी सरकारों की गलतियों के कारण मर्ज्ड एरिया व गरीब बस्तियों में रहने वाले लोग आज भी विकास की मुख्यधारा से बाहर हैं। ऐसे में विद्युत नियामक आयोग द्वारा इन भवनों को सब्सिडी व 125 यूनिट फ्री बिजली के दायरे से बाहर करना न्यायसंगत नहीं है व जनता विरोधी कार्य है। प्रदेश सरकार को मार्च 2022 के अपने निर्णय को स्पष्ट तौर पर लागू करवाने के लिए कदम उठाने चाहिए थे तथा 1 अप्रैल 2024 से प्रस्तावित एनओसी व नॉन एनओसी के घरेलू उपभोक्ता के स्लैब को पूर्ववत रखना चाहिए। उपभोक्ताओं द्वारा बिजली कनेक्शन लेने के लिए केवल मात्र पहचान पत्र व सम्पत्ति के मालिकाना हक के प्रमाणपत्र को ही घरेलू उपभोक्ता की परिभाषा तय करने का आधार माना जाना चाहिए जैसा कि मार्च 2022 में सरकार ने तय किया था। उन्होंने कहा है कि घरेलू उपभोक्ताओं में दो स्लैब बनाना किसी भी तरह तर्कसंगत नहीं है व विद्युत नियामक आयोग को यह निर्णय तुरन्त वापिस लेना चाहिए। यह निर्णय भेदभावपूर्ण है व सभी नागरिकों के समानता के अधिकार का हनन है।

उम्र अठारह पूरी, मत देना बहुत जरूरी : मनीषा

एसपी जैरथ

नाहन :सिरमौर जिला के शिलाई विधानसभा क्षेत्र में उम्र अठारह पूरी हैए मत देना बहुत जरूरी है संदेश के साथ 59-स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से सभी मतदाताओं को चुनाव में मतदान करने के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया जा रहा है। उपमण्डल शिलाई की स्वीप जागरूकता टीम की नोडल अधिकारी मनीषा व रीबा द्वारा उपमण्डल के सभी पंचायतो मे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है।

तेज बारिश से खेतों में गिरी गेहूं की फसल

राजन पुरी

ऊनाःगगरेट उपमंडल के ग्राम अप्पर भंजाल व उसके साथ मुबारकपुर में शुक्रवार रात्रि को आई बारिश में तेज हवा से किसानों की गेहूं की फसल बर्बाद हो गई। तेज हवा के साथ गेहूं की फसल जमीन पर बिछ गई। यह बेमौसमी वर्षा किसानों के लिए आफत बनकर आई। इससे किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया। किसानो की फसल कुछ ही दिनों में तैयार होने वाली थी। इस वर्षा के कारण उन्हें काफी नुकसान पहुंचा। इसका असर गेहूं के उत्पादन पर भी पड़ेगा। स्थानीय किसानों में अशोक कुमार, बिंदी ठाकुर, सतीश कुमार और उपदेश ठाकुर ने सरकार से मांग की है कि जिन किसानों का नुकसान हुआ है, उनका आकंलन करके उचित मुआवजा दिया जाए।

राजकीय माध्यमिक वरिष्ठ पाठशाला बाल चंबा में घोषित किया वार्षिक परिणाम

चयनित

8 इस स्कूल को राष्ट्रीय स्तर की योजना के तहत प्रधानमंत्री श्री योजना में चयनित किया गया है

हामिद

चंबाःशनिवार को राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चंबा में छठी, सातवीं आठवीं, नवीं तथा ग्यारहवीं कक्षाओं के साइंस आर्ट्स कॉमर्स के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। इस मौके पर अभिभावक तथा बच्चे मौजूद रहे।

एक जानकारी देते हुए स्कूल के प्रधानाचार्य जितेंद्र सिंह जंदरोटिया ने बताया कि इस स्कूल को राष्ट्रीय

स्तर की योजना के तहत प्रधानमंत्री श्री योजना में चयनित किया गया है इसके साथ ही राज्य स्तर की योजना के तहत भी उत्कृष्ट विद्यालय में भी इस विद्यालय का चयन हुआ है इन सभी योजनाओं के उद्देश्यों से हम शिक्षा में अवश्य ही गुणात्मक विकास करने में सक्षम हो पाए हैं। उन्होंने बताया कि सत्र 2023-24 के 11वीं कक्षा साइंस आर्ट्स कॉमर्स के परीक्षा परिणाम को हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला की तर्ज पर ऑनलाइन विद्यालय के पोर्टल पर चढ़ाया गया जिसे स्टूडेंट कॉर्नर के रिजल्ट सैक्शन में देखा जा सकता है। इस तरह की व्यवस्था नॉन बोर्ड क्लासेस के लिए हिमाचल के स्कूल में यह पहली बार हो रहा है। उन्होंने स्कूल की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि यह स्कूल प्रदेश का पहला स्कूल है जिसमें शूटिंग रेंज बन रही है तथा बहुत जल्द बनकर तैयार हो जाएगी जिसमें बच्चे निशानेबाजी खेल प्रतियोगिता में महारत हासिल कर सकेंगे।शनिवार को घोषित किए गए परीक्षा परिणाम में छठी कक्षा में कुल 13 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी तथा सभी के सभी पास हुए इसमें हर्षित ठाकुर ने प्रथम गोपाल भारद्वाज ने दूसरा तथा सन्नी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार सातवीं कक्षा में कल 29 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी तथा सभी पास हुए जिसमें पंकज ठाकुर ने प्रथम दीक्षित कुमार ने दूसरा तथा शिवम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया आठवीं कक्षा में कुल 35 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी तथा 35 ही उत्तीर्ण हुए जिसमें जतिन शर्मा प्रथम कार्तिक दूसरे तथा उज्जवल सिंह तीसरे स्थान पर रहे। नौवीं कक्षा में कोई 71 बच्चों ने परीक्षा दी तथा 71 ने ही सफलता पाई। इस कक्षा में तुषार ठाकुर ने 89प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान दिव्यांश ने 88 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा स्थान तथा प्रिंस ने 85 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया।

नाहन में तेज तूफान आने से पेड़ के गिरने पर कई वाहन दबे

एसपी जैरथ

नाहनः आज नाहन में तेज तूफान आने से शहर में काफी नुकसान होने की सूचना मिली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय पुलिस थाना में इस तूफान के कारण एक बहुत बड़ा वृक्ष गिर गया जिसकी चपेट में वहां खड़े वाहन इस की चपेट में आ गए। इन वृक्षों पर पेड़ के गिरने से 8 वाहनों को काफी नुकसान हुआ है। वाहन मालिकों के अनुसार उन्हें लाखों की हानि हुई है।

तेज तूफान के कारण इस आम के भारी-भरकम पेड़ के गिरने से बिजली की तारों के टूटने से क्षेत्र में

अंधेरा छा गयाऔर कई घरों की बिजली बंद हो गई। पुलिस लाइन में रिहायशी इमारतें भी हैं और गनीमत यह रही कि आम का पेड़ उन पर नहीं गिरा वरना बहुत बड़ा नुकसान हो सकता था।

शत-प्रतिशत रहा मरवाड़ी स्कूल का परिणाम

राजन पुरी

ऊनाःराजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मरवाड़ी में शनिवार को छठी से आठवीं एवं नौवीं तथा ग्यारहवीं कक्षा के परिणाम घोषित हुए। विद्यालय के प्रधानाचार्य निशा संदल ने वार्षिक परीक्षा परिणामों की घोषणा की। छठी से आठवीं कक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। नौवीं व ग्यारहवीं का परिणाम बहुत उत्साहवर्धक रहा। इस दौरान स्कूल में एसएमसी का जनरल हाउस भी आयोजित किया गया। प्रधानाचार्य निशा संदल व विद्यालय के अध्यापकों ने अभिभावकों से संवाद किया। इस दौरान सभी को विद्यालय का नाम पीएम श्री व स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में चयनित होने पर सभी को बधाई दी।

निर्दलियों का धरना, इस्तीफा मंजूर करो

चमन शर्मा

शिमलाः हिमाचल प्रदेश निर्दलीय विधायक होशियार सिंह ने धरना प्रदर्शन करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष को 22 तारीख को हम तीनों निर्दलीयों विधायकों ने अपना इस्तीफा सौंप दिया था और 23 तारीख को भाजपा पार्टी जॉइन कर ली थी। बार-बार निवेदन के बाद भी विधानसभा अध्यक्ष हमारा इस्तीफा मंजूर नहीं कर रहे हैं और अध्यक्ष की ओर से एक नोटिस दिया गया और उसमें लिखा गया कि तीन निर्दलीय विधायकों ने किसी के दबाव में ये इस्तीफा दिया है उन्होंने कहा कि हमने अपनी स्वेच्छा से इस्तीफा दिया है। हम पर किसी का दबाव नहीं था और न ही हमें कोई एलयोर किया गया है। हम पर ऐसे आरोप लगाना बिलकुल गलत है। किसी भी राजनीतिक पार्टी का हम पर कोई प्रेशर नहीं था।

स्पीकर एक कॉन्स्टिट्यूशनल पोस्ट है और स्पीकर किसी के दबाव में आकर अगर ऐसी नोटिस इश्यू करता है तो वो लोकतंत्र की हत्या हैं और बार.बार आग्रह करने के बाद, बार-बार ईमेल, बार-बार उनको रिपीटेड रिमाइंडर देने के बाद भी स्पीकर साहब ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की और उसकी एवेज में एक नोटिस निकाल कर कहा गया कि इस्तीफा क्यों दिया एक्सप्लेनेशन दो।के एल ठाकुर ने कहा कि उन्होंने कहा कि हम इंडिपेंडेन्ट है, हम किसी पार्टी से बंदे हुए नहीं है। एक इंडिपेंडेन्ट से कैसे एक्सप्लेनेशन मांग सकते हैं।

अगर कोई इंडिपेंडेंट उम्मीदवार जीत कर के आया है तो उससे एक्सप्लेनेशन मांगने की कोई आवश्यकता नहीं है। कांग्रेस सरकार में अभी तक हिमाचल प्रदेश में 14 महीने में एक भी विकास का कार्य नहीं हुआ। जितने भी कार्य हुए वो सभी पिछली भारतीय जनता पार्टी की सरकार में करवाए गए। उन्होंने इसी के विरोध में धरना प्रदर्शन करते हुए कहा कि लोकतंत्र की हत्या न हो, तुरन्त प्रभाव से हमारा इस्तीफा मंजूर करें और तीनों विधानसभा क्षेत्रों में मतदान करवाए जाए जिससे दूध का दूध पानी का पानी सामने आ जाएगा।

आशीष शर्मा ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में हमारी पिछले 14 महीने में हमारी बेइज्जती और मान-सम्मान को ठेस पहुंचाई गई है उन्होंने कहा कि यह मान-सम्मान की ठेस मुझे नहीं बलकि मेरे लोगों को पहुंची है मेरी जनता को पहुंची है। कांग्रेस सरकार से हम अप्पोइंटमेंट मांगते रहे। हमें 14 महीने अप्पोइंटमेंट नहीं मिली। बहुत-सी घोषनाएं करने के बावजूद भी एक भी घोषणा पुरी नहीं हुई। मैडिकल फाइलें क्लियर नहीं हुई।

पारंपरिक जल स्रोतों की सफाई का युवामंडल ने उठाया बीड़ा

मिसाल

8 स्वयंसेवियों ने पारंपरिक जल स्त्रोत की सफाई करके एक अनूठी मिसाल कायम की है।

एसपी जैरथ

नाहनः राजगढ ब्लॉक की ग्राम पंचायत टिक्कर में नोडल नवयुवक मंडल बडगला के स्वयंसेवियों ने पारंपरिक जल स्त्रोत की सफाई करके एक अनूठी मिसाल कायम की है। युवा मंडल के अध्यक्ष दिनेश ठाकुर ने बताया कि आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए नवयुवक मंडल ने समूचे क्षेत्र में प्राचीन जल स्त्रों के सरंक्षण व

उनकी सफाई करने का बीड़ा उठाया गया है। जिसके बारे लोगों को भी जल के महत्व और उसके उपयोग बारे जागरूक किया जाएगा। उन्होने बताया कि युवा मंडल के सदस्यों द्वारा प्राचीन बावडि?ों की सफाई के अलावा सिंचाई टैंक, प्राथमिक पाठशाला बडगला, आंगनबाड़ी केंद्र में भी पानी की टॅकियों की सफाई की गई ताकि बच्चों को गर्मियों में शुद्ध जल पीने को मिल सके।इस मौके पर युवा मंडल के सदस्यों द्वारा पौधरोपण भी किया गया। वार्ड सदस्य प्रवीण ठाकुर ने बताया कि सभी सदस्यों ने यह निर्णय लिया कि आने वाले समय में पंचायत स्तर पर भी गांव-गांव में जाकर लोगों को पानी के प्राचीन जल स्त्रोत को बचाने व महत्व व उसके बचाव के बारे में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा जिसमें लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।इस एक दिवसीय जागरूकता अभियान में सुरेश, मदन, दौलत राम, रामस्वरूप, प्रेमदास, विनोद, हंसराज, शीतल, राहुल, आशीष, केवल राम एसंजू, सोमराज, टिंकू, आदि सदस्य ने भाग लिया।

इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर बिना प्री-सर्टिफिकेशन प्रकाशित न करें विज्ञापनः अपूर्व देवगन

आग्रह

8 उपायुक्त ने स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव के लिए मीडिया कर्मियों से किया आग्रह

खेमचंद शास्त्री

मंडीःजिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में उम्मीदवारों द्वारा जारी किए जाने वाले विज्ञापनों का जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति एमसीएमसी से प्री-सर्टिफिकेशन करवाना आवश्यक है। बिना प्री-सर्टिफिकेशन के कोई भी विज्ञापन केबल नेटवर्क, ईपेपर,

टीवी, सोशल मीडिया अथवा मतदान पूर्व और मतदान दिवस के दिन प्रिंट मीडिया में जारी नहीं किया जा सकता है। स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव के लिए मीडिया कर्मियों की कार्यशाला को संबोधित करते हुए उन्होंने मीडिया कर्मियों से आग्रह किया कि वह बिना प्री-सर्टिफिकेशन के कोई भी विज्ञापन प्रकाशित न करें। इसके अतिरिक्त सरोगेट विज्ञापन का भी प्रकाशन न करें।

उन्होंने कहा कि एमसीएसी द्वारा सभी समाचारपत्रों, टीवी चैनलों, ई-पेपर सोशल मीडिया पर प्रकाशित एवं प्रसारित होने वाले विज्ञापनों और पेड न्यूज पर कड़ी नज? रख रही है। मीडिया प्रमाणन और निगरानी समिति द्वारा इसके लिए उपायुक्त कार्यालय में कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया हैए जो 24 घंटे कार्य कर रहा है।उन्होंने बताया कि सिनेमा हॉल और एलइडी आदि पर भी नजर रखी जा रही है ताकि बिना प्री-सर्टिफिकेशन के कोई भी विज्ञापन प्रसारित न हो।

उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान यदि पेड न्यूज किसी उम्मीदवार द्वारा प्रकाशित की जाती है तो इस संदर्भ में समिति द्वारा उम्मीदवार को नोटिस जारी किया जाएगा। तथा समिति के निर्णय पर उस पेड न्यूज को उम्मीदवार के खर्चे में जोड़ा जाएगा।उन्होंने इस अवसर पर मीडिया, राजनितिक दलों और उम्मीदवारों से आग्रह किया कि वह चुनावों के दौरान नियमों का पालन करें। उनके द्वारा किसी भी विज्ञापन का प्रसारण करवाया जाता है तो इसकी जानकारी चुनाव अधिकारी को जरूर दें।उन्होंने कहा कि एमसीएमसी द्वारा जारी प्री-सर्टिफिकेशन प्रमाण-पत्र के बिना किसी भी प्रकार के बल्क संदेश और वॉयस संदेश के विज्ञापन भी प्रसारित नहीं होंगे।

इस अवसर पर एमसीएससी के नोडल अधिकारी एवं एडीसी मंडी रोहित राठौर, जिला इलेक्शन तहसीलदार राजेश शर्मा, एमसीएमसी कमेटी की सदस्य सचिव एवं डीपीआरओ मीना बेदी सहित अन्य अधिकारी और मीडिया कर्मी उपस्थित रहे।

नाचन के पूर्व विधायक एवं सी पी एस टेक चंद डोगरा का निधन

सुभाग सचदेवा

गोहर :नाचन के पूर्व विधायक एवं पूर्व सीपीएस टेक चंद डोगरा का शनिवार सुबह अस्पताल से उपचार करने के बाद घर पहुंचाते ही निधन हो गया। डोगरा 77 वर्ष के थे। टेक चंद डोगरा चार बार विधायक रहे और एक बार सीपीएस भी बने। डोगरा मिल्क फेडरेशन के चेयरमैन और एससीएसटी विकास निगम के चेयरमैन भी रहे हैं। डोगरा पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत राजा वीरभद्र सिंह के कट्टर समर्थक थे और उन्हें मंडी जिला में वीरभद्र सिंह का हनुमान कहा जाता था। डोगरा सुन्दरनगर जिला में कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष भी

रहे। वे कांग्रेस पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष भी रहे। डोगरा के निधन पर मंडी की सांसद रानी प्रतिभा सिंह, लोनिवि मंत्री विक्रमादित्य सिंह, पूर्व मंत्री ठाकुर कौल सिंह, रंगीला राम राव, प्रकाश चौधरी, चेतराम ठाकुर, सोहन लाल ठाकुर समेत अनेक नेताओं ने डोगरा के निधन पर गहरा दुख जताया है। गौरतलब है कि टेक चंद डोगरा का राजकीय महाविद्यालय बासा के निर्माण में बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा है उन्होंने राजकीय महाविद्यालय बासा के लिए अपनी विधायकी तक को दाव पर लगा दिया था।नाचन विधानसभा के विकास कार्यों में टेक चंद डोगरा का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।टेक चंद डोगरा द्वारा द्वारा करवाए विकास कार्य आज भी प्रशंसनीय है। उनकी जाने से नाचन कांग्रेस ही नहीं प्रदेश एक अच्छा नेता खोया है।

संपादकीय

लोकतंत्र में संवाद की शालीनता अपरिहार्य

आम चुनाव की घोषणा के साथ आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। सामान्य संवाद की भाषा बदल गई है। शब्द आक्रामक हो गए हैं। संवाद की शालीनता समाप्त हो रही है। कायदे से दलतंत्र को लोकतंत्र की मजबूती के लिए काम करना चाहिए। संवाद की भाषा परस्पर प्रेमपूर्ण होनी चाहिए। दल परस्पर शत्रु नहीं हैं। वे लोकतांत्रिक व्यवस्था को आमजनों तक ले जाने और मजबूत करने के उपकरण हैं। लेकिन शब्द अपशब्द हो रहे हैं। वैचारिक आधार पर दलों के मध्य बहस नहीं है। प्रधानमंत्री तक को अपशब्द कहे गए हैं। भारत के आम चुनाव दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्री उत्सव हैं। लेकिन अपशब्दों के प्रयोग वातावरण को उतप्त कर रहे हैं। आचार संहिता में निर्देश दिए गए हैं कि सभी दल और उम्मीदवार जाति, सम्प्रदाय, पंथिक समूह या भाषाई समूहों के मध्य अलगाववाद बढ़ाने से दूर रहेंगे। परस्पर विद्वेष और तनाव बढ़ाने वाले शब्दों का प्रयोग नहीं करेंगे। संहिता में राजनैतिक दलों की नीतिगत आलोचना की छूट दी गई है। आलोचना में भी संयम बरतने के निर्देश हैं। सबसे बड़ी बात है कि नेताओं और कार्यकताओं की निजी जिंदगी की आलोचना नहीं करेंगे। आदर्श चुनाव आचार संहिता में इसी तरह के तमाम संयम की अपेक्षा की गई है। इस सब के बावजूद व्यक्तिगत आरोपों के माध्यम से वातावरण को बिगाड़ने का काम हो रहा है। शब्द की शक्ति बहुत बड़ी है। शतपथ ब्राह्मण के ऋषि ने वाणी को विराट कहा है। बाईबल में घोषणा है कि सबसे पहले शब्द था-'इट वाज लोगोस फर्स्ट'। महर्षि व्यास ने शब्द को ब्रह्म कहा है। शब्दों के सदुपयोग से सृजन की गतिविधि चलती रही है। पतंजलि ने 'महाभाष्य' में ध्यान दिलाया है कि एक ही शब्द का स्थान के अनुसार प्रयोग भिन्न-भिन्न अर्थ देता है। कबीरदास ने भी कहा है कि, "शब्द की मार बड़ी है।" शब्द साधना स्तुतियों, काव्य और गीतों में प्रकट होती है। शब्द संयम अपरिहार्य है। ऐतरेय उपनिषद के शांति पाठ में प्रार्थना है, "हे परमात्मा मेरी वाणी मन में स्थित हों और मन वाणी में स्थित हो जाए। मेरे मन और वाणी साथ साथ काम करे। मेरे संकल्प और वचन विशुद्ध होकर एक रहे। मेरा सुना हुआ और अनुभव में आया हुआ ज्ञान मेरा त्याग न करे। मेरा ज्ञान मुझे सदा स्मरण रहे।" मन का अनुशासन जरूरी है। अनुशासित मन से सुन्दर शब्द और अर्थ निकलते हैं। मन और वाणी एक साम्य में हमारा मार्गदर्शन करें। ऋषि संकल्प करते हैं, "मैं अपनी वाणी से सदा ऐसे ही शब्दों का उच्चारण करूंगा, जो दोषरहित हो। मैं सत्य बोलूंगा-सत्यं बदिष्यामि। मेरी रक्षा करो। वक्ता की रक्षा करो। भारतीय परंपरा में शब्द अनुशासन पर अतिरिक्त जोर दिया गया है।" सृष्टि के जन्म और विकास के अनेक सिद्धांत हैं। चार्ल्स डारविन का सिद्धांत विकासवादी कहा जाता है। स्टीफेन हाकिंग जैसे ब्रह्माण्ड विज्ञानी सृष्टि के उद्भव पर काम करते रहे हैं। आधुनिक ब्रह्माण्ड विज्ञानियों का कथन है कि एक समय सृष्टि का सारा पदार्थ और ऊर्जा एक छोटे से बिंदु पर थी। इसे ब्रह्म अण्ड भी कहा जाता है। अत्यधिक दबाव के कारण ब्रह्म अण्ड फूटा। उसके कण गतिशील हुए और इस तरह सृष्टि का विकास आगे चल पड़ा। वैज्ञानिक कार्ल सागन ने इसे कॉस्मिक एग 'ब्रह्म अण्ड' कहा है। ऋग्वेद में इसे हिरण्यगर्भ कहा गया है। हिरण्य का अर्थ स्वर्ण या कोई अति चमकीली धातु है।

पर्यावरण चुनावी मुद्दा होना चाहिए

आशीष वशिष्ठ

> "इस पानी की गुणवत्ता भी संदिग्ध रहती है। प्रदूषण दूर करने के लिए सरकार अपने स्तर पर कुछ-कुछ करती है। प्रदूषण के चुनावी मुद्दा नहीं बनने के पीछे मुख्य कारण यह है कि आमजन अभी तक प्रदूषण के दुष्प्रभावों से अपरिचित हैं तथा अधिकांश ग्रामीण जन अशिक्षित होने के कारण यह भी नहीं जानते कि प्रदूषण होता क्या है। दूसरी ओर, युवा व शिक्षित वर्ग का ध्यान चुनावों के समय व्यक्तिगत समस्याओं पर रहता है, वे राष्ट्रीय समस्याओं पर अपने विचार नहीं रखते हैं। यही वजह है कि प्रतिनिधि व नेतागण अपनी जीत को सुनिश्चित करने व अपना वोट बैंक बढ़ाने के लिए घरेलू, निजी समस्याओं को हल करने पर ज्यादा ध्यान देते है। लोगों को अब स्वच्छ सांसों के लिए प्रदूषण के खिलाफ जागरूक होना होगा"

18वीं लोकसभा के निर्वाचन के लिए चुनाव का शंखनाद हो चुका है। राजनीतिक दलों द्वारा वायदों की झड़ी लगाई जा रही है। जो मांगोगे उससे ज्यादा मिलेगा वाला माहौल है। ऐसे में मतदाता उसी तरह भ्रमित हैं जैसे किसी शापिंग मॉल में चारों तरफ लगे डिस्काउंट सेल के इश्तहार देखकर होता है। लेकिन आसमान से तारे तोड़कर लाने के वायदों के इस मौसम में आई एक खबर ने हर उस व्यक्ति को परेशान कर दिया जिसे अपने साथ - साथ अपनी संतानों के भविष्य की भी चिंता है। चुनाव आते ही नेताओं की रैलियां, लम्बे-लम्बे भाषण, बड़े-बड़े वादे शुरू हो जाते हैं। परन्तु जो असल मुद्दे हैं उन पर कोई चर्चा या वादे नहीं होते। वर्तमान में हवा में प्रदूषण का स्तर दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है, लोगों को टीबी तथा श्वास की बीमारियां हो रही हैं, फिर भी लोग मजबूर हैं ऐसे हालात में जीने के लिए। भारत में हर वर्ष लाखों लोगों की प्रदूषण की वजह से असामयिक मौतें होती हैं। चीन के बाद दूसरा स्थान भारत का है जहां प्रदूषण एक बहुत बड़ी समस्या है। लगातार वैज्ञानिक वायु प्रदूषण के घातक प्रभाव हमारे समक्ष रख रहे हैं, परन्तु किसी पर कोई प्रभाव नहीं पड़ रहा। सभी अपनी धुन में लगे पड़े हैं। आंकड़े बताते हैं कि हम पूरे साल वायु प्रदूषण की चपेट में जीवन जीते हैं। बरसात के वक्त जरूर हमें इससे कुछ राहत मिल जाती है, लेकिन शेष समय इसके साथ रहना ही पड़ता है। इस प्रदूषण के लिए बड़ा कारण कारखानों और वाहनों से निकलता धुआं है। प्रदूषण पर नियंत्रण करना देश के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। अभी वैश्विक स्तर पर भारत के शहरों के जो आंकड़े आए हैं, बेहद शर्मनाक हैं। पॉलिथीन का इस्तेमाल, काला धुआं उगलते वाहन एवं फैक्ट्रियां, कचरों का ढेर, बदबूदार नालियां, इनसे जीवन नर्क बन गया है। न्यायालयों के सख्त निर्देश के बाद भी केंद्र, राज्य सरकार एवं नगर निगम द्वारा अब तक प्रदूषित वातावरण कम नहीं किया जा रहा है। जनता का सहयोग अपेक्षित भी है और इसकी सबसे अहम भूमिका भी है। देश में होने जा रहे आम चुनाव में भी प्रदूषण मुद्दा नहीं है। राजनीतिक दल इस पर चर्चा भी नहीं कर रहे। आम आदमी को प्रदूषण को लेकर सरकारों से सवाल करने होंगे। राजनीतिक दलों पर भी दबाव बनाना होगा कि चुनावी एजेंडे में साफ हवा-पानी को

भी शामिल किया जाए। देश के 9 शहर प्रदूषण के मामले में दुनिया के शीर्ष 10 शहरों में शामिल हैं। इससे भी ज्यादा चौंकाने वाली बात यह है कि विश्व के शीर्ष 50 प्रदूषित शहरों में से 43 शहर तो भारत के ही हैं। प्रदूषण की स्थिति को लेकर हम दुनिया में नौवें नंबर पर हैं। ये आंकड़े डराते हैं। आखिर हम किस दिशा की ओर बढ़ रहे हैं? क्या हम साफ हवा में सांस भी नहीं ले सकते हैं? इससे भी बड़ा सवाल यह है कि क्या बिगड़े हुए हालात के लिए कहीं हम खुद ही तो जिम्मेदार नहीं हैं? सबसे दुखदायी आंकड़ा ये है कि भारत की 96 फीसदी आबादी की सांसों में प्रदूषित हवा प्रवाहित हो रही है। प्रधानमंत्री बनने के बाद ही नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया था।। इसके अंतर्गत शहरों के बीच स्वच्छता प्रतिस्पर्धा रखी जाने लगी। प्रतिवर्ष सर्वेक्षण के उपरांत परिणाम घोषित किये जाते हैं। शुरूआत में इस अभियान को लेकर प्रधानमंत्री का उपहास भी उड़ाया गया। राहुल गांधी ने तो यहां तक कहा कि जिन युवाओं के हाथों को काम देना था उनको प्रधानमंत्री ने झाड़ू पकड़ा दी। यद्यपि उस अभियान से जनद्दजागरूकता बढ़ी है किंतु ये कहना भी गलत नहीं होगा कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपेक्षित गंभीरता का अभाव है। ऐसे में ये प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि ऐसे मुद्दे राजनीतिक विमर्श में शामिल क्यों नहीं होते? पंजाब के किसान जो पराली जलाते हैं उसकी वजह से दिल्ली सहित समीपवर्ती बड़े इलाके पर धुएं की चादर बिछ जाती है। सर्वोच्च न्यायालय तक इस मामले में सख्ती दिखा चुका है। आम आदमी पार्टी जब दिल्ली की सत्ता में आई तब वह पराली के लिए पंजाब को कसूरवार ठहराया करती थी किंतु जैसे ही वहां सरकार बनी उसकी शिकायत खत्म हो गई। आजकल चुनाव में सभी पार्टियां मुफ्त बिजली, पानी, इलाज जैसे वायदे करती हैं। इनके बल पर चुनाव जीते भी जाते हैं। लेकिन कोई भी पार्टी प्रदूषण को पूरी तरह समाप्त करने की गारंटी नहीं देती जबकि यह भी विकास का पैमाना होना चाहिए। दरअसल शुद्ध हवा और शुद्ध पानी जैसे विषय चुनाव घोषणापत्र में इसलिए शामिल नहीं होते क्योंकि जनता इन्हें लेकर उदासीन है। इसी के चलते प्रतिदिन अरबों रुपयों का बोतल बंद पानी बिकता है। इसके अलावा पानी के पाउच एवं जार का कारोबार भी आसमान छू रहा है।

हालांकि इस पानी की गुणवत्ता भी संदिग्ध रहती है। प्रदूषण दूर करने के लिए सरकार अपने स्तर पर कुछ-कुछ करती है। प्रदूषण के चुनावी मुद्दा नहीं बनने के पीछे मुख्य कारण यह है कि आमजन अभी तक प्रदूषण के दुष्प्रभावों से अपरिचित हैं तथा अधिकांश ग्रामीण जन अशिक्षित होने के कारण यह भी नहीं जानते कि प्रदूषण होता क्या है। दूसरी ओर, युवा व शिक्षित वर्ग का ध्यान चुनावों के समय व्यक्तिगत समस्याओं पर रहता है, वे राष्ट्रीय समस्याओं पर अपने विचार नहीं रखते हैं। यही वजह है कि प्रतिनिधि व नेतागण अपनी जीत को सुनिश्चित करने व अपना वोट बैंक बढ़ाने के लिए घरेलू, निजी समस्याओं को हल करने पर ज्यादा ध्यान देते है। लोगों को अब स्वच्छ सांसों के लिए प्रदूषण के खिलाफ जागरूक होना होगा। राजनीतिक दलों की पहल का इंतजार न कर जनता को चाहिए कि प्रदूषण को चुनावी मुद्दा बनाए, तभी सभी में पर्यावरण की स्वच्छता व संरक्षण के प्रति नई ऊर्जा का संचार होगा।

अगर देखा जाए तो वर्तमान में चुनाव के दौरान जनता अपने जनप्रतिनिधि का चुनाव औसतन विकास के मुद्दों पर नहीं करती है। कहने को तो विकास का मुद्दा होता है लेकिन चुनाव के समय लोग यह देखकर वोट करते है कि उनकी जाति, समुदाय, और संप्रदाय का उम्मीदवार कौन है। हां, इसमें अपवाद होते हैं मगर कम। इन्हीं सब कारणों से कोई भी राजनीतिक दल अपने मुद्दों में प्रदूषण जैसे विषयों को शामिल नहीं करता है।

न्यायपालिका भी समय-समय पर सख्ती दिखाया करती है किंतु जब तक आम जनता जागरूक नहीं होगी, हालात सुधरने की उम्मीद करना व्यर्थ है। आदर्श स्थिति तो वह होगी जब जनता की तरफ से शुद्ध हवा की मांग उठे, साथ ही इस दिशा में जो भी नियम-कानून बनें उनका पालन करने की स्वप्रेरित इच्छा समाज में जाग्रत हो। आर्थिक विकास के साथ औद्योगिकीकरण भी आता है जो प्रदूषण का सबसे बड़ा स्रोत है।

इसी तरह अधोसंरचना के कार्यों में पर्यावरण को क्षति पहुंचाई जाती है। समय की मांग है इस बारे में नई सोच विकसित की जाए ताकि दुनिया के विकसित देशों की कतार में शामिल होने के साथ ही भारत एक स्वच्छ और प्रदूषण रहित देश के रूप में भी जाना जाए। जिस तरह विकास दर के मामले में हम चीन को अपना प्रतिद्वंदी मानते हैं वैसी ही प्रतिस्पर्धा प्रदूषण मुक्त होने के लिए न्यूजीलैंड और फिनलैंड जैसे देशों से की जानी चाहिए। नेताओं को यह भली भांति मालूम है कि वोट प्रदूषण के मुद्दे पर नहीं मिलेंगे, बल्कि जाति, धर्म, आरक्षण आदि के मुद्दों पर मिलेंगे। प्रदूषण सीधे जिंदगी से जुड़ा हुआ मुद्दा है लेकिन चुनावी मुद्दा नहीं बनता। स्वच्छ भारत मिशन की तरह ही स्वच्छ हवा मिशन का नारा बनना चाहिए। देखना ये है कि कोई पार्टी इसे अपने घोषणापत्र या गारंटी में शामिल करती है या नहीं?

कविता

"झूमता बसन्त है"

फूलों में, कलियों में, पत्तों में, फलियों में,
गाँव की गलियों में, प्यार के छलियों में,
झूमता बसन्त है।

रंगों में, अंगों में, प्रेम के प्रसंगों में,
बागों में, बहारों में, गांवों में, बाजारों में,
झूमता बसन्त है।

बच्चों में, जवानों में, बूढ़ों में, सयानो में,
दीवानों परवानों में, मेरे-तेरे अरमानों में,
झूमता बसन्त है।

एक में, लाखों में, प्यार भरी आंखों में,
सरसों के फूलों में, प्रीत के झूलों में,
झूमता बसन्त है।

गेंदा में, गुलाब में, आफताब मेहताब में,
फितरत में, कुदरत में, मोहब्बत में, नफरत में,
झूमता बसन्त है।

हंसने में, मुस्काने में, अदा में इतराने में,
प्यार में, जलन में, विरह में, मिलन में,
झूमता बसन्त है।

नदियों में, पहाड़ों में, गर्मी में, जाड़ो में,
दिन में रात में, बातों ही बात में,
झूमता बसन्त है।

संजीव

सबसे महत्वपूर्ण एवं लोकप्रिय विज्ञान पत्रिकाएँ

विजय गर्ग

यदि आपको विज्ञान के प्रति आकर्षण है और आप इस बात में रुचि रखते हैं कि ब्रह्मांड कैसे काम करता है, तो आपको इस आकर्षण को बढ़ाने और वैज्ञानिक ज्ञान के अपने दायरे का विस्तार करने के तरीके खोजने चाहिए। अब, हम जानते हैं कि इंटरनेट आपको ढेर सारी 'वैज्ञानिक जानकारी' तक पहुंच प्रदान करता है जिसे आप साधारण गूगल खोज से प्राप्त कर सकते हैं। हालाँकि, हमें यह बताना चाहिए कि इनमें से बहुत सी 'वैज्ञानिक जानकारी' इन दावों का समर्थन करने के लिए वैज्ञानिक अनुसंधान और स्थापित प्रयोगों के बिना उपलब्ध कराई गई है। यही कारण है कि केवल उन वैज्ञानिक डेटा और अनुसंधान पर भरोसा करना आवश्यक है जो प्रतिष्ठित और भरोसेमंद संस्थानों, व्यक्तियों और प्रयोगशालाओं द्वारा किए गए हैं। दुनिया भर की नवीनतम वैज्ञानिक घटनाओं से खुद को अपडेट रखने का सबसे अच्छा तरीका विश्वसनीय वैज्ञानिक जानकारी के भरोसेमंद स्रोत का उपयोग करना है। हमने शीर्ष 10 सबसे महत्वपूर्ण और लोकप्रिय वैज्ञानिक पत्रिकाओं की एक सूची तैयार की है जो आपको नवीनतम खोजों, आविष्कारों, प्रयोगों और निष्कर्षों तक पहुंच प्रदान करेगी। इन पत्रिकाओं का आनंद कौन उठाएगा? हमारी शीर्ष 10 सूची में शामिल पत्रिकाएं लंबे समय से मौजूद हैं और वैश्विक वैज्ञानिक समुदाय द्वारा व्यापक रूप से सम्मानित हैं। चाहे आप केवल जिज्ञासु हों और विज्ञान के बारे में अधिक जानना चाहते हों या आप एक उभरते हुए वैज्ञानिक हों, ये पत्रिकाएँ आपको विशेषज्ञ जानकारी, सलाह और आँकड़े प्रदान करेंगी जो विज्ञान के बारे में आपके ज्ञान को एक नए स्तर पर ले जाएँगी। हमारी शीर्ष 10 सबसे महत्वपूर्ण और लोकप्रिय विज्ञान पत्रिकाओं को महत्व के किसी भी क्रम में स्थान नहीं दिया गया है। शॉर्टलिस्ट बनाने के लिए हमने जिन मानदंडों का उपयोग किया उनमें वैश्विक वैज्ञानिक समुदाय में उनकी प्रतिष्ठा, वे कितने वर्षों से हैं, उनकी सोशल मीडिया फॉलोइंग, वैज्ञानिक सामग्री का दायरा और गुणवत्ता और वैश्विक अपील शामिल हैं। नेशनल ज्योग्राफिक नेशनल जियोग्राफि क टीवी चैनल पर दुनिया भर से लाखों दर्शक हैं, जो पर्यावरण विज्ञान और पुराने और नए सभी चीजों की खोज को कवर करने वाले कुछ सबसे मंत्रमुग्ध कर देने वाले कार्यक्रमों को देखने के लिए दैनिक आधार पर आते हैं। नेशनल ज्योग्राफिक टीवी चैनल की लोकप्रियता ने निश्चित रूप से नेशनल ज्योग्राफिक पत्रिका की लोकप्रियता को बढ़ाने में मदद की है और यही एक कारण है कि हमारी सूची में यह पहले स्थान पर है। पत्रिका की सामग्री भारी नहीं है और इसलिए विज्ञान में प्रवेश करने वालों के लिए बिल्कुल उपयुक्त है। नेशनल ज्योग्राफिक अधिकतर प्राकृतिक विज्ञान पर ध्यान केंद्रित करता है और जिस दुनिया में हम रहते हैं, अंतरिक्ष, जानवरों और आविष्कारों के बारे में शानदार तस्वीरें और जानकारी प्रदान करता है। यह पत्रिका प्रिंट और डिजिटल दोनों रूपों में उपलब्ध है और इसे हर उम्र का व्यक्ति पढ़ सकता है।

विचार

भूलने की बीमारी को दूर करें योग

अल्का सिंह
योग एक्सपर्ट

अक्सर व्यस्त जीवनशैली के चलते हम कुछ ना कुछ रोजमर्रा की जिंदगी में भूल ही जाते हैं , परंतु जरूरत से ज्यादा इंपॉर्टेंट चीज भी बार-बार भूलना एक बीमारी का संकेत हो सकता है, इसीलिए कम उम्र में ही है भूलने की बीमारी तो हल्के में ना लें, हो जाएं सावधान ।

स्ट्रेस- शायद आपको मालूम नहीं कि मानसिक अवसाद धीरे-धीरे आपकी ब्रेन मेमोरी को खोखला करता है। ज्यादा स्ट्रेस लेने की वजह से लोग डेमेंशिया और अल्जाइमर के शिकार हो जाते हैं।

कम नींद आना-अगर आप भी अनिद्रा (कम नींद लेना) के शिकार हैं तो संभल जाइए, क्योंकि इसका असर आपकी ब्रेन मेमोरी पर पड़ता है। नींद कम आने की वजह से न सिर्फ आपका स्वास्थ्य खराब होता है, बल्कि धीरे-धीरे आपके लिए चीजों को याद रखना मुश्किल हो जाता है। घर में चाबी या जेब में पैसे रखकर भूल जाना कोई आम बात नहीं है। जिस उम्र में लोगों की याद्दाश्त दुरुस्त होनी चाहिए उस उम्र चीजों को भूल जाना गंभीर बीमारी का लक्षण हो सकता है। टीनेजर्स में होने वाली इस बीमारी को डेमेंशिया या अल्जाइमर कहा जाता है।

आइए जानते हैं आखिर इतनी कम उम्र में इस बीमारी की वजह क्या होती है.? बार-बार भूलने की दिक्कत से न सिर्फ आपको कई मौकों पर शर्मिंदगी उठानी पड़ती है बल्कि यह आपके लिए एल्जाइमर जैसे गंभीर रोग का इशारा हो सकती है।

ऐसे में योग की मदद से आप अपनी याददाश्त तेज कर सकते हैं। हाल में हुए एक अमेरिकी शोध के अनुसार, प्रतिदिन 20 मिनट तक योगासनों का अभ्यास दिमाग के लिए ट्रेडमिल पर घंटों दौड़ने से अधिक फायदेमंद है। आइए जानें याददाश्त बढ़ाने और दिमाग तेज करने वाले कुछ प्रभावी योगासनों के बारे में।

सर्वांगासन

प्रतिदिन सर्वांगासन के अभ्यास से दिमाग में रक्त संचार अच्छी तरह रहता है और याददाश्त तेज रहती है।

इसे करने के लिए पीठ के बल सीधे लेट जाएं। दोनों पैरों को साथ रखें और हाथों को कमर पर रखें।

सांस अंदर की ओर लेते हुए दोनों पैरों को को पहले 30 डिग्री के कोण तक उठाएं, कुछ सेकंड इस अवस्था में रहने के बाद 60 डिग्री तक उठाएं और फिर 90 डिग्री तक उठाएं।

अब सांस छोड़ते हुए दोनों पैरों को नीचे ले आएं और कुछ सेकंड शवासन में लेटें।

नोटः कमर और गर्दन में दर्द के मरीज इस आसन को न करें।

भुजंगासन

भुजंगासन न सिर्फ याददाश्त तेज रखता है बल्कि कमर दर्द से लेकर साटिका और स्लिप डिस्क जैसे रोगों में लाभदायक है।

- इसे करने के लिए पहले पेट के बल सीधे लेट जाएं और दोनों हाथों को कंधों के समानांतर रखें
- अब सांस लेते हुए हाथों के बल शरीर के अग्रभाग को ऊपर की ओर उठाएं और जितना हो सकें उतना खींचें।
- 30 सेकंड तक इसी अवस्था में रहने के बाद सांस छोड़ते हुए वापस सामान्य अवस्था में आ जाएं।

नोटः हार्निया के मरीज इस आसन को न क

कपालभाति प्राणायाम

इसे करने से श्वास की गति सामान्य होती है, एकाग्रता बढ़ती है और मस्तिष्क तक रक्त का प्रवाह अच्छी तरह होता है।

इसे करने के लिए पहले सुखासन में बैठ जाएं।

अब गहरी सांस लें और फिर मुंह बंद कर तेजी से सांस बाहर की ओर छोड़ें। इस दौरान पेट की गति साफ दिखनी चाहिए।

30 सेकंड बाद सामान्य अवस्था में आ जाएं।

एक्शन इंडिया दैनिक

भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।

आरएनआईः UTTHIN / 2009 / 31653

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, दैनिक एक्शन इंडिया कार्यालय, 7/1, बल्लूपुर रोड, डॉ टीपी पटनायक के सामने, कृष्ण नगर चौक के पास, देहरादून, उत्तराखण्ड से मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

संरक्षक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज (9999889104)
स्थानीय संपादक : हिमांशु अनिकेत (9837313943)
actionindiaddn@gmail.com

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

चिंतन

निरंतर सीखने की संस्कृति बनाने से छंटनी को कम

विजय

संगठन आज के तेजी से विकसित हो रहे कारोबारी माहौल में निरंतर सीखने की संस्कृति विकसित करने के महत्व को देख रहे हैं। बाजार परिवर्तनों को कुशलतापूर्वक प्रबंधित करने और छंटनी की आवश्यकता को कम करने के लिए, यह रणनीतिक दृष्टिकोण निरंतर शिक्षा और कौशल विकास को उच्च प्राथमिकता देता है। नेतृत्व समर्थन के लिए प्रतिबद्ध होकर, सीखने के अवसरों तक पहुंच प्रदान करके, सीखने के लिए समर्पित समय आवंटित करके, सहयोग को प्रोत्साहित करने और कर्मचारियों की उपलब्धियों को पहचानने से, व्यवसाय एक ऐसा वातावरण विकसित कर सकते हैं जो दीर्घकालिक संगठनात्मक लचीलेपन को प्रोत्साहित करता है। निरंतर सीखने की संस्कृति बनाने के लिए नेतृत्व का समर्पण आवश्यक है। जब नेता चल रही शिक्षा के महत्व पर जोर देते हैं और जोर देते हैं तो वे कंपनी के बाकी सदस्यों के लिए एक अच्छा उदाहरण स्थापित करते हैं। उनकी भागीदारी एक ऐसे माहौल को बढ़ावा देती है जहां सीखने को एक सामान्य लक्ष्य और पेशेवर और व्यक्तिगत विकास दोनों का एक अनिवार्य घटक माना जाता है। कर्मचारियों को अपना ज्ञान और कौशल बढ़ाने के लिए सीखने के अवसरों तक पहुंच होनी चाहिए। व्यवसायों को कार्यशालाओं, वेबिनार, सेमिनार और प्रशिक्षण सत्र जैसे विभिन्न प्रकार के टूल की पेशकश करनी चाहिए, जो कर्मचारियों की भूमिकाओं और व्यवसाय की बदलती मांगों के लिए उपयुक्त हों। जो नियोक्ता कर्मचारी वृद्धि का समर्थन करते हैं वे अपने लोगों को अनुकूलन के लिए आवश्यक उपकरण देते हैं।

सीखने के अवसरों तक पहुंचः नियोक्ताओं को कर्मचारियों को आजीवन सीखने को बढ़ावा देने के लिए सीखने के कई अवसरों तक पहुंच प्रदान करनी चाहिए। इनमें प्रशिक्षण सत्र, सेमिनार, वेबिनार और कार्यशालाएं शामिल हो सकती हैं जो स्टाफ सदस्यों की भूमिकाओं और कंपनी की बदलती मांगों पर विचार करती हैं। व्यवसाय कर्मचारियों को कौशल हासिल करने का मौका देते हैं जो उन्हें मूल्यवान संपत्ति बनाते हैं और उनके विकास में निवेश करके छंटनी की संभावना को कम करते हैं।

चरवाणी जी

डॉ. सुरेश कुमार

हमारे एक मित्र हैं। नाम तो कुछ और है लेकिन मैं उन्हें श्री चरवाणी जी ही कहकर बुलाता हूँ। बुलाऊँ भी क्यों न? बात ही ऐसी है। जब देखो तब चरवाणी जी साल के तीन सौ पैंसठ दिन, महीने के तीसों दिन, सप्ताह के सातों दिन और दिन के चौबीसों घंटे छिपकली की भांति मोबाइल रूपी दीवार पर चिपके रहते हैं। मानो मोबाइल, मोबाइल न हुआ उनकी जान हो गयी। अब उनके सारे मित्र फेसबुकिया हो गए हैं। हश्र यह है कि सात समंदर पार के मित्र से देर रात जागकर अपनी वातार्लाप की चटनी चाट लेंगे, लेकिन पड़ोस में रहने वालों को भाव तक न देंगे। रिश्तेदारियाँ सारी व्हाट्सप के अखाड़े में निभाते है। ट्विटर के ट्विट्स भूख मिटाने के निवाले हैं। गूगल का डूडल, प्ले स्टोर, ड्राइव उनके दिल की धड़कन बनकर धड़धड़ा रहे हैं। चाहे सड़क हो या फिर बहुमंजिला भवन की सबसे ऊँची मंजिल..स्थान से समझौता किए बिना अपनी उंगिलयों को मोबाइली की-पैड के स्टेज पर ब्रेक डांस करवाने में उनका कोई सानी नहीं है। कई बार एक्सिडेंट होते-होते बचे हैं। भले उन्हें दो-चार चोट लग गयी हो, लेकिन अपने मोबाइल पर डेंट तो दूर धूल तक पड़ने नहीं देते। वे अपना एक्सिडेंट सह सकते हैं, लेकिन मोबाइल का डेंट नहीं। गजब जमाने में अजब चरवाणी जी की बात ही निराली है।

चरवाणी जी और मोबाइल का रिश्ता ठीक वैसा ही है जैसे रैदास का अपने प्रभु से। तुम चंदन हम पानी। जाकी बास अंग-अंग समानी। सॉफ्टवेयर मोबाइल में था, लेकिन हार्डवेयर चरवाणी जी का बदला था। माता-पिता की डाँट-फटकार का अब पहले जैसा असर नहीं था। घर पर बहन-बहनोई के आने पर बहाने ढूँढ़-ढूँढ़कर मोबाइल से चिपके रहते थे। कौन आ रहा है, कौन जा रहा है, क्या खा रहा है, क्या पी रहा है जैसी सभी बातों से बेखबर वे रोटी के आधे टुकड़े में गोल-गोल आँखें बनाकर अपने एंड्रायड को ढूँढ़ने की कोशिश करते। उनकी सारी सृजनशीलता समय का झोंका बनकर मोबाइल के वीडियो गेम, नए-नए पोर्न मसाले के बहाने छूमंतर हो जाते। मानो ऐसा लगा जैसे रतजगिया उल्लू चरवाणी जी के सामने सरेंडर हो गये हैं।

न्यूज फ्लैश

लोकसभा आम चुनाव के दौरान संतुलित व निष्पक्ष रिपोर्टिंग करें मीडियाकर्मी: डॉ० मनोज कुमार

सोनीपत: जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता के दौरान प्रिंट मीडिया को भारतीय प्रेस परिषद और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को समाचार प्रसारण मानक प्राधिकरण द्वारा तय नियमों और दिशा-निर्देशों के अनुसार ही समाचार और विज्ञापन को प्रकाशित एवं प्रसारण करने चाहिए। उन्होंने कहा कि आचार संहिता के दौरान मीडिया को सांप्रदायिक, गैर-कानूनी, जाति और राष्ट्र विरोधी समाचारों के प्रसारण से बचना चाहिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद किसी भी उम्मीदवार या राजनीतिक पार्टियों द्वारा विज्ञापन सामग्री प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में छपवाने या प्रसारण के लिए दी जाएगी तो मीडिया संस्थान को यह चैक करना अनिवार्य होगा कि उसे एमसीएमसी द्वारा सर्टिफिकेट जारी किया गया हो। उन्होंने कहा कि लोकसभा आम चुनाव के दौरान मीडियाकर्मियों द्वारा संतुलित और निष्पक्ष रिपोर्टिंग की जानी चाहिए ताकि नागरिकों तक सही और सच्ची खबर पहुंचे, जिससे वे किसी प्रकार के बहकावे में न आएं। उन्होंने कहा कि मतदाताओं का विश्वास बढ़ाने के लिए लोकसभा आम चुनाव के दौरान इस बार भी वीवीपैट का इस्तेमाल किया जा रहा है।

समालखा गोल्डन पार्क योग समिति की एक बैठक का आयोजन किया गया

समालखा (कुलदीप सिंह)
समालखा गोल्डन पार्क योग समिति की एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से नगर पालिका के अध्यक्ष अशोक कुमार कुच्छल को सर्वसम्मति से गोल्डन पार्क का संरक्षक चुना गया इस अवसर पर प्रधान संदीप कुमार और उप प्रधान राकेश सैनी ने पगड़ी और माला पहनकर उनका सम्मान किया।

बेटी कृष्णा देवी तारों देवी ने नेत्रदान करवाया

समालखा (कुलदीप सिंह)
संतोषी माता मंदिर के नजदीक समालखा निवासी 93 वर्षीय प्यारी बाई दिगानी का वृद्धा अवस्था के कारण निधन हो गया उनके निधन के उपरांत उनके बेटे गोविंद राम बेटी कृष्णा देवी तारों देवी ने नेत्रदान करवाया इसके लिए दीपक चोपड़ा के प्रयास से जनसेवा दल के चमन लाल गुलाटी के साथ माधव नेत्र बैंक के डॉक्टर चंद्र मोहन चावला ने नेत्रदान का कार्य पूर्ण करवाया।

देश के दिल में बसी धुन, नमक हो तो टाटा का, टाटा नमक

फिरोजाबाद । भारत के आयोडीन युक्त नमक के अग्रणी ब्रांड, टाटा साल्ट ने अपनी मशहूर जिंगल, 'नमक हो टाटा का, टाटा नमक' के साथ एक अनूठा अभियान शुरू किया है । विभिन्न मीडिया प्लेटफार्म पर शुरू किया, यह अभियान 'देश का नमक' के रूप में ब्रांड की सर्वव्यापकता का प्रदर्शन करता है, और नये और युवा भारत की नब्ज पर भी हाथ रखता है। 'नमक हो टाटा का, टाटा नमक' जिंगल का नया रूप उपभोक्ताओं को आश्चर्यचकित और खुश करेगा; यह देश भर में हर घर में अपनी स्थायी उपस्थिति को नए परिप्रेक्ष्य में पेश करता है। इस नए विज्ञापन अभियान की परिकल्पना ओगिल्वी ने तैयार की है, जिसमें उपभोक्ता के दैनिक जीवन से जुड़े क्षणों में जिंगल की उपस्थिति को प्रदर्शित करने वाली 11 मनोरंजक लेकिन सटीक फिल्में है, जो इसे सर्वव्यापी 'देश का नमक' बनाती है। दीपिका भान, अध्यक्ष, पैकेज्ड फूड्स - इंडिया, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स ने इस अभियान पर अपनी टिप्पणी में कहा, टाटा साल्ट भारत के सबसे भरोसेमंद और जिम्मेदार ब्रांडों में से एक है। समय के साथ 'देश का नमक' की अपील, उपभोक्ताओं के साथ और मजबूत हुई है।

भाजपा ने गरीब का बेटा सीएम बनाया: सैनी

टीम एक्शन इंडिया

चंडीगढ़: मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हांसी की अनाज मंडी में विजय संकल्प रैली को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस में बाप-बेटे ही मुख्यमंत्री बनते हैं और भाजपा में साधारण कार्यकर्ता को सीएम बनाया जाता है। नायब सैनी ने कहा कि हमारे केंद्रीय नेतृत्व ने मुझ जैसे एक गरीब परिवार के बेटे को पहले पार्टी का प्रदेशाध्यक्ष और उसके बाद सीएम बनाया। शनिवार को मुख्यमंत्री नायब सैनी हिसार से लोकसभा से भाजपा के प्रत्याशी व पूर्व मंत्री रणजीत चौटाला के प्रचार के लिए हांसी अनाज मंडी में पहुंचे थे। मुख्यमंत्री बनने के बाद नायब सैनी की हांसी में पहली रैली थी। इस दौरान हिसार से लोकसभा के उम्मीदवार रणजीत सिंह भी मंच पर मौजूद थे। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री बनवारी लाल, राज्यसभा सदस्य डीपी वत्स, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष व राज्यसभा सदस्य सुभाष बराला,हांसी विधायक विनोद भयाना ने भी संबोधित किया मुख्यमंत्री ने कहा कि वह राहुल गांधी को बताना चाहते हैं कि पीएम नरेंद्र मोदी ने दस साल में लोगों को आयुष्मान कार्ड दिया है। हमनें धारा 370 को खत्म करने का काम किया। राम मंदिर के नाम को लेकर कांग्रेस राजनीति करती थी। हमसे कहते थे मंदिर वहीं बनाएंगे, तारीख नहीं बताएंगे। नरेंद्र मोदी की सरकार में आज वहीं पर राम मंदिर बना है।

नायब सैनी ने आप पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस से भी बड़े घोटाले आम आदमी पार्टी ने किए। इनके घोटालों के कारण आज इनके नेता जेल में हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता की आवाज को प्राथमिकता के आधार पर लागू करेंगे। मुख्यमंत्री ने पूर्व सीएम मनोहर लाल की तारीफ करते हुए कहा कि मनोहर लाल ने मुख्यमंत्री रहते हुए पूरे प्रदेश में समान विकास किया है। सभी को बिना खर्ची-पर्ची नौकरी मिली है। मनोहर ने हर वर्ग के लिए नीतियां बनाई हैं। उन नीतियों को दुरुस्त कर लागू करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं।

कांग्रेस के लोग चुनाव लड़ने से डर रहे

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के नेता चुनाव लड़ने से डर रहे हैं। कांग्रेस की तरफ से लोगों को गारंटी देने के नाम पर गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है। कांग्रेस की गारंटी पर लोगों को विश्वास नहीं है। देश को केवल मोदी की गारंटी पर भरोसा है। इंफ्रास्ट्रक्चर को भाजपा ने मजबूत किया। हरियाणा के सीएम ने कहा कि कांग्रेस को देश की चिंता नहीं है, बल्कि वोट की चिंता है। श्री सैनी ने कहा कि हमारे लिए देश प्रथम है। नरेंद्र मोदी ने कभी वोट के लिए काम नहीं किया। किसानों को सम्मान निधि के जरिए खाते में 6000 रुपये सालाना देने का काम किया। नई योजना बनाकर उन्हें धरातल पर उतारने का काम करेंगे। देश कांग्रेस के चरित्र और कार्यप्रणाली को भूला नहीं है। कांग्रेस शासन में बातें अधिक, काम कम होता था। अब बातें कम और काम अधिक होता है। पीएम नरेंद्र मोदी ने दस साल में लोगों को सुविधा देने का काम किया है।

मुख्य सचिव ने मंडल आयुक्त व निर्वाचन अधिकारियों के साथ की रिव्यू बैठक

पानीपत: हरियाणा सरकार के मुख्य सचिव टीवीएस एन प्रसाद ने शनिवार को लोकसभा आम चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर प्रदेश के सभी मंडल आयुक्तो, जिला निर्वाचन अधिकारियो, एवं उपायुक्तो के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग करते हुए लोकसभा के आम चुनाव को लेकर सभी तैयारियां के संबंध में जानकारी ली। मुख्य सचिव ने कहा कि ईमानदारी, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से मतदान करवाना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है। हम सभी ने आयोग के दिशा निर्देशों की पूर्णत रूप से पालना करनी है। मुख्य सचिव ने अवैध रूप से शराब के चलन पर फोकस करने के भी सभी को निर्देश दिए। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने मुख्य सचिव टीवीएस एन प्रसाद को आश्वस्त किया कि लोकसभा चुनाव को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। तैयारियो के संबंध में रिपोर्ट भी मुख्यालय भेजी जा चुकी है।

महिलाओं को इसांफ दिलाने के लिए श्रीजी वूमेन पावर ग्रुप का हुआ गठन

कमाल हुसैन

पानीपत: शहर में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार को रोकने के लिए वह उन्हें इंसाफ दिलाने के लिए अब शहर की महिलाओं ने मिलकर बीड़ा उठाया है और एक नए ग्रुप की शुरूआत की है। शुक्रवार को शहर की महिलाएं गौशाला पहुंची औरत गऊ माता को चारा खिलाकर श्रीजी वूमन पावर ग्रुप की शुरूआत की। श्रीजी वूमेन पावर ग्रुप की प्रधान मंजू सैनी ने कहा कि महिलाओं पर अत्याचार के मामले बढ़ते जा रहे हैं कई बार महिलाओं को इंसाफ नहीं मिल पाता महिलाओं की आवाज को बुलंद करने के लिए वह इंसाफ दिलाने के लिए एक नए ग्रुप की शुरूआत की गई है अभी इस ग्रुप में केवल 10 से 15 महिलाएं शामिल है लेकिन जल्द ही इस ग्रुप का कारवां बढ़ता नजर आएगा। ग्रुप की महिलाओं द्वारा पहले भी सामाजिक वैधानिक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं और इस बार महिलाओं को इंसाफ दिलाने के लिए महिला ही आ गया कर हक की लड़ाई लड़ेंगी।इस ग्रुप मे मंजू सैनी ,उर्वशी गोयल, नीरज' सिंगला ,दीपा गिल ,शीला, सुनीता राजपाल ,सुनीता ,डॉक्टर मंजू ,रश्मि ,मीनाक्षी,पूनम,ममता ,धनपति ,उर्वशी गोयल नीरज सिंगला,गोल्डी, कुसुम शर्मा,नीलम, और भी महिलाएं शामिल है।

केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरुद्ध रामलीला ग्राउंड में आज महारैली

कमाल हुसैन

पानीपत: आम आदमी पार्टी लीगल सेल जिला अध्यक्ष जगदीप घनघस एवं प्रदेश सह सचिव सुखबीर सिंह मलिक ने आज एडवोकेट चैंबर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिल्ली मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल की गैर कानूनी गिरफ्तारी एवं सरकारी संस्थाओं का गलत उपयोग मुख्य मुद्रा रहा। एडवोकेट जगदीप घनघस ने केंद्र सरकार को आडे हाथों लेते हुए कहा के इनको इस बार 40 सीट का कॉन्फिडेंस नहीं है पर बात 400 सेट की कर रहे हैं इसीलिए विपक्ष के सीनियर नेताओं को एवं उनके बैंक अकाउंट को बंद कर रहे हैं।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का पूरजोर विरोध करते हुए। उन्होंने कहा

पिछले 70 सालों में इस प्रकार की गलत नीयत से कार्रवाई आज तक नहीं की गई है,परंतु इसबार सरकार ने सभी सीमाएं लांघ दिए है। उन्होंने केंद्र सरकार को चेताया अपनी तानाशाही नीति को बंद करें एवं जनता के प्रति नरम रूख अपना कर जनता के हक में उनके काम करें। अगर जनता आपके काम से खुश होगी तो आपको 400 सीट पर करवा देगी। साथ में एक अखबार की हैडलाइन को दिखाते हुए घनघस ने कहा जेपी के दुष्यंत चौटाला अभी भी सरकार की समिति में सदस्य बने हुए हैं मुझे लगता है बीजेपी और जेजेपी का गठबंधन अंदर खाते अभी भी चल रहा है।बी टीम है जे जे पी बीजेपी की। जनता ध्यान से वोट करें। प्रदेश सह सचिव सुखबीर सिंह मलिक ने कल होने वाली महा रैली जो की इंडिया गठबंधन ने केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में करने जा रही है उसके लिए सभी जनता को रामलीला ग्राउंड पहुंचने का निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि तानाशाही की सरकार को सत्ता से हटाने के लिए एवं जनता के लिए जनता की सरकार लाने के लिए इस महा रैली को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कामयाब बनाएं। मलिक ने कहा एक मौजूदा मुख्यमंत्री जबरदस्ती फेक केस में गिरफ्तार करना गैरकानूनी है उन्होंने चिंता जताई कि अगर इसी प्रकार से सभी विपक्ष के सीनियर नेताओं को गिरफ्तार करते रहे तो जनता की हक की बात कौन उठेगा! इस मौके पर प्रदेश सह सचिव राजकुमार मुंडे जिला महासचिव देवन सलूजा जिला अध्यक्ष सोशल मीडिया मुकेश शर्मा संदीप मनचंदा मौजूद रहे।

'लोकसभा आम चुनाव के दौरान अवैध रूप से नहीं होने दी जाएगी शराब की बिक्री'

टीम एक्शन इंडिया

सोनीपत: उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ० मनोज कुमार ने कहा कि हरियाणा में 25 मई को होने वाले लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर जिला में अवैध रूप से शराब की बिक्री नहीं होने दी जाएगी, जिसके लिए शराब की बिक्री पर जिला प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। इस दौरान अगर कहीं भी अवैध शराब पाई गई तो संबंधित लोगों खिलाफ पुलिस विभाग की ओर से सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि संदिग्ध लोगों व स्थानों पर पुलिस प्रशासन की ओर से कड़ी नजर रखते हुए जिला में अवैध शराब की सप्लाई को रोकने में सजगता रखनी है। पुलिस प्रशासन सहित आबकारी विभाग द्वारा शराब के वैध वैंडर व उनके स्टॉक आदि की निरंतर चेकिंग की जाए। अवैध व नकली शराब की बिक्री जैसी गतिविधियों पर पुलिस प्रशासन द्वारा कड़ी नजर रखी जाए। आबकारी विभाग के अधिकारियों को अगर चेकिंग जैसे कार्यों में पुलिस विभाग की आवश्यकता है, तो पुलिस विभाग द्वारा उन्हें हरसंभव मदद उपलब्ध करवाई जाएगी। लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर हरियाणा के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद व हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने शनिवार को वीसी के माध्यम से सभी जिला उपायुक्तों के साथ बैठक कर उन्हें जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान जिस भी अधिकारी की जो भी ड्यूटी लगाई गई है उसे पूरी ईमानदारी व निष्ठा से पूरा करें। इस कार्य में किसी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वीसी के उपरांत उपायुक्त ने सभी रिटर्निंग अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने से संबंधित सभी मतदान केन्द्रों का मौका मुआयना करें, अगर किसी मतदान केन्द्र को और कहीं शिफ्ट करवाना है तो उसकी रिपोर्ट तुरंत प्रस्तुत करें ताकि समय पर उस मतदान केन्द्र को शिफ्ट किया जा सके। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने प्राप्त दिशा-निर्देशों की पूर्ण अनुपालना का भरोसा दिया। साथ ही उन्होंने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों की बैठक लेते हुए कहा कि सभी रिटर्निंग अधिकारी सुनिश्चित करें कि मतदान केन्द्रों में बिजली, पानी, शौलाचय व अन्य सभी सुविधाएं उपलब्ध है या नहीं। जिस भी मतदान केन्द्र पर जिस भी चीज की कमी है तो उसे तुरंत पूरा करवाएं। उन्होंने स्थानीय लोगों से भी अपील की कि अगर उनके संज्ञान में भी किसी प्रकार की अवैध शराब की बिक्री या नकली शराब बनाने वालों की सूचना मिलती है तो इसी सूचना तुरन्त पुलिस को दे ताकि समय रहते उचित कार्यवाही की जा सके।

चोरी की बाइक सहित आरोपी गिरफ्तार

कमाल हुसैन

पानीपत , एंटी व्हीकल थेप्ट इंचार्ज सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि उनकी टीम को शुक्रवार को गश्त व जांच पड़ताल के दौरान गुप्त सूचना मिली की संदिग्ध किस्म का एक युवक स्पलेंडर बाइक पर सवार होकर सेक्टर 29 में फ्लौरा चौक के पास घूम रहा है। बाइक चोरी की होने की संभावना है। टीम ने मौके पर दबिश देकर युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान संजय उर्फ कालु पुत्र रमेश निवासी देवडू सोनीपत रूप में बताई। पुलिस टीम ने युवक को बाइक के कागजात दिखाने के लिए कहा तो युवक बहाने बाजी करने लगा। पुलिस टीम द्वारा गहनता से पूछताछ करने पर आरोपी ने उक्त बाइक 18 मार्च को बाबरपुर में एक कंपनी के बाहर से चोरी करने बारे स्वीकारा। बाइक चोरी की उक्त वारदात बारे थाना सेक्टर 13/17 में विनय पुत्र मोहनलाल निवासी सनियाना फतेहाबाद की शिकायत पर अभियोग दर्ज है। सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया उसको बाइक चलाने का शौक है। उसके पास खुद की बाइक नही थी। शौक पूरा करने के लिए आरोपी ने उक्त बाइक चोरी की।

महिलाओं को चिरंजीवी भवः कार्ड वितरित किए

कमाल हुसैन

पानीपत: जिला परिषद के उप प्रधान एवं आर्य समाज हुडा के प्रधान आर्य सुरेश मलिक द्वारा अपने अभियान हर हर कांग्रेस घर घर कांग्रेस के अंतर्गत हल्का पानीपत ग्रामीण के न्यू दलबीर नगर कुटानी रोड की महिलाओं को चिरंजीवी भवः कार्ड वितरित किए गए। जो लोगों को स्वास्थ्य क्षेत्र में आ रही मुश्किलों से बड़ी राहत देगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कालोनी वासियों ने भाग लिया। आर्य सुरेश मलिक ने कालोनी वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि जनता के स्वास्थ्य की चिंता करते हुए जहां वह पात्र जनता के चिरंजीवी भवः कार्ड बनवाने का काम कर रहे हैं वहीं जगह-जगह फ्री हेल्थ चेकअप कैंप का भी आयोजन किया जा रहा। जिसके माध्यम से गरीबों की जांच कर उन्हें फी दवाई उपलब्ध कराई जा रही है। आज के कैंप का लाभ सैकड़ों कालोनी वासियों ने प्राप्त किया। इस अवसर पर जय सिंह प्रजापत, आत्माराम, महावीर सैनी, सोनू वाल्मीकि, रामभज कश्यप, दीपांशु कश्यप, रोहित कटारिया, देवी सिंह सहगल, नरेश धनखड़, सचिन सहगल, महावीर सभ्रंवाल आदि का सहयोग रहा।

नशा तस्कर 6 ग्राम 20 मिलीग्राम स्मैक सहित गिरफ्तार

कमाल हुसैन

पानीपत: सीआईए टू प्रभारी सब इंस्पेक्टर सौरभ ने बताया कि उनकी टीम शुक्रवार को गश्त व जांच पड़ताल के दौरान मित्तल मेगा मॉल के पास मौजूद थी। टीम को तभी गुप्त सूचना मिली की संदिग्ध किस्म का एक युवक एमजेआर चौक की और से पैदल मित्तल मेगा मॉल की तरफ आएगा। युवक के पास मादक पदार्थ होने की संभावना है। सूचना को पुख्ता मानते हुए पुलिस टीम ने मॉल के पास सड़क पर नाकाबंदी कर संदिग्धों पर नजर रखनी शुरू कर दी। कुछ देर पश्चात पुलिस टीम को एक युवक एमजेआर चौक की और से पैदल आते हुए दिखाई दिया। युवक पास आने पर सामने खड़ी पुलिस टीम को देखकर एकदम से वापिस मुड़कर तेज कदमों से चलने लगा। पुलिस टीम ने कुछ कदमों पर ही युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान रोहित पुत्र पपू निवासी मोतीराम कॉलोनी के रूप में बताई। पुलिस टीम ने नियमानुसार ड्यूटी मजिस्ट्रेट सतपाल सिंह की मौजूदगी में युवक की तलाशी की तो पहनी हुई लोअर की जेब से स्मैक बरामद हुई। बरामद स्मैक का वजन करने पर 6 ग्राम 20 मिली ग्राम पाया गया। सब इंस्पेक्टर सौरभ ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह शार्टकट तरिके से मोटे पैसे कमाने के लिए उक्त स्मैक यूपी के पीलीभीत से एक युवक से कम किमत पर खरीदकर लाया था। आरोपी के खिलाफ थाना चांदनी बाग में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर पुलिस ने शनिवार को आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहा से उसे 2 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपी ने नशा तस्कर के ठीकानों का पता लगा काबू करने का प्रयास करेंगी।

परीक्षा परिणाम में अव्वल आने वाले छात्रों को किया सम्मानित

दलबीर मलिक

कुरुक्षेत्र/बाबैन: राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बाबैन में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया विद्यालय की ओर से इसके लिए व्यापक तैयारी की गई थी. जिससे विद्यार्थी और अभिवावक सीधे संबंधित शिक्षक के पास जाकर अपना परिणाम पता कर सकें। प्रथम तीन स्थान पर रहने वाले विद्यार्थियों के लिए और पिचहत्तर प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले विद्यार्थियों को विशेष प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. ऐसे बच्चो की सेल्फी प्वाइंट पर फोटो कराई गई और मिठाई खिलाकर उन्हें विद्यालय की ओर से आशीर्वाद दिए गए। सभी बच्चों को विस्तृत अंक तालिका प्रदान की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश कुमार ने बताया कि आगामी सत्र के लिए एक विस्तृत कार्य योजना इस बार विद्यालय ने तैयार की है जिसमे पाठ्यक्रम से लेकर खेल व सांस्कृतिक गतिविधियों तक की वार्षिक योजना तैयार कर ली गई है. नवीनतम विधियों के साथ अद्यतन संसाधनों का प्रयोग करते हुए विद्यार्थियों को शिक्षा देने का लक्ष्य रखा गया है. शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित होने वाली हर गतिविधि में इस बार बढ़ चढ़ कर भाग लिया जायेगा और अधिकतम उपलब्धि हासिल की जाएगी। विद्यालय के उप प्रधानाचार्य रविन्द्र कुमार व एस एम सी इंचार्ज ओम प्रकाश ने परीक्षा इंचार्ज संदीप सांगवान व विक्रान्त लालर की शानदार भूमिका के लिए उन्हें बधाई दी ।

सम्मान

8 75 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले विद्यार्थियों को विशेष प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया

परीक्षा परिणाम में कक्षा ग्यारहवीं मेडिकल में शुभम प्रथम, मधु द्वितीय और मुस्कान व रूबल तीसरे स्थान पर रही. ग्यारहवीं नॉन मेडिकल में मन्नत पहले, निशांत दूसरे और जैनिश तीसरे स्थान पर रही. ग्यारहवीं कॉमर्स में हर्ष प्रथम स्थान पर, खुशी दूसरे और जान्हवी तीसरे स्थान पर रही. ग्यारहवीं कला संकाय में प्राची प्रथम, नतीशा द्वितीय, अंशिका तीसरे स्थान पर रही।नौवी कक्षा में वाणी प्रथम, रोहित द्वितीय और महक तीसरे स्थान पर आए।

पीएम श्री राजकीय स्कूल पावटी में मनाया प्रवेश उत्सव

समालखा(कुलदीप सिह)

गांव पावटी में स्थित खंड के इकलौते पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को जहां"वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया वहीं हर्षोल्लास से "प्रवेश उत्सव" भी मनाया गया। इस मौके पर बतौर मुख्यातिथि पहुची खण्ड शिक्षा अधिकारी नीलम कुण्डू ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए उनकी उपलब्धियों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने अपने अभि-भाषण में बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनके सर्वांगीण विकास में शिक्षकों और अभिभावकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य साहब सिंह रंगा ने नए शैक्षिक सत्र में शिक्षको एवं विद्यार्थियों को नए उत्साह और जुनून से आगे बढ़ने के लिए मार्गदर्शन किया और अपनी शुभ-कामनाएं दी।

मौत की वजह भी बन सकता है लेबाइल हाइपरटेंशन

आज के समय में अधिकतर लोग उच्च रक्तचाप से पीड़ित हैं और इसके इलाज के लिए दवाईयों का सेवन भी करते हैं, लेकिन लेबाइल हाइपरटेंशन एक ऐसा शब्द है, जिसके बारे में बहुत से लोग अनभिज्ञ हैं। यह उच्च रक्तचाप से थोड़ा अलग है। इसमें व्यक्ति के रक्तचाप में अचानक सामान्य से उच्च स्तर तक उतार-चढ़ाव होता है। हालांकि इस स्थिति में कुछ देर के लिए ही रक्तचाप उच्च होता है और उसके बाद सामान्य हो जाता है, इसलिए अधिकतर लोगों को इसके बारे में पता ही नहीं चलता।

हो सकता है खतरनाक

लेबाइल हाइपरटेंशन उच्च रक्तचाप से कहीं अधिक घातक साबित हो सकता है। दरअसल, रक्तचाप में एकदम से व अस्थायी वृद्धि दिल व अन्य अंगों पर दबाव डालती है। अगर रक्तचाप में बार-बार बहुत अधिक उतार-चढ़ाव आता है तो इससे गुर्दे, रक्त वाहिकाओं, आंखों को काफी नुकसान पहुंच सकता है। इतना ही नहीं इससे स्ट्रोक यहां तक कि व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है, अगर इसका समय रहते उपचार शुरू न किया जाए।

बचें इन ट्रिगर्स से

न्यूरोलॉजिस्ट एवं सीनियर कंसल्टेंट डॉ. जयदीप बंसल बताते हैं कि ऐसी बहुत सी चीजें हैं, जिनके कारण यह लेबाइल हाइपरटेंशन व्यक्ति को अधिक परेशान कर सकता है। सबसे पहले तो रक्तचाप में वृद्धि इमोशनल स्ट्रेस के कारण हो सकती है। अगर लेबाइल हाइपरटेंशन से पीड़ित व्यक्ति किसी स्थिति में बहुत अधिक चिंतित या तनावग्रस्त है, तो दिन में कई बार उसके रक्तचाप में उतार-चढ़ाव देखा जा सकता है। इसके अतिरिक्त खानपान भी इस समस्या को प्रभावित करता है। खाने में सोडियम की अधिकता या अत्यधिक कैफीन का सेवन ऐसे लोगों के लिए एक ट्रिगर की तरह काम करता है। वहीं कुछ लोगों में रक्तचाप केवल तभी उच्च होता है, जब वह डॉक्टर से मिलते हैं या उनकी कोई सर्जरी आदि होती है। दरअसल, ऐसे में वह अपने हेल्थ को लेकर काफी अधिक चिंता करते हैं। लेबाइल हाइपरटेंशन के इस रूप को व्हाइट कोट हाइपरटेंशन या व्हाइट कोट सिंड्रोम भी कहा जाता है।

किसी जादू से कम नहीं मिनी आई मसाजर

आंखों की समस्या से राहत पाने के लिए आंखों की मालिश काफी फायदेमंद साबित होती है। इसके लिए आप मिनी आई मसाजर की सेवा ले सकते हैं।

घंटों कंप्यूटर और मोबाइल पर काम करने से आंखों को नुकसान पहुंचता है। इस कारण कई और बीमारियां जन्म लेने लगती हैं। ऐसी स्थिति में हमें एक ऐसे केयरटेकर की जरूरत होती है, जो अपने प्रभावी ढंग से आंखों की मसाज कर सके और थकान को छूमंतर कर दे। मिनी आई मसाजर एक ऐसी ही डिवाइस है, जो इन सभी कसौटियों पर सही साबित होती है। यह डिवाइस मार्केट में बड़ी ही आसानी से मिल जाती है। आइए जानते हैं इस डिवाइस की खासीयत-

क्या है मिनी आई मसाजर

मिनी आई मसाजर किसी जादू से कम नहीं है। इसका प्रयोग करना बेहद आसान है। आंखों से जुड़ी समस्याओं को रोकने, तनाव को कम करने और नींद में सुधार के लिए इस डिवाइस का इस्तेमाल रोज किया जा सकता है। बैटरी से चलने वाले इस मसाजर को आप कभी भी इस्तेमाल कर सकते हैं और कहीं भी लेकर जा सकते हैं। ये छोटी-सी डिवाइस कम पैसे में महंगे सैलून की तरह ही काफी आराम देती है। इसकी ये खूबी भी खास है कि कोई तकलीफ नहीं होती।

कैसे करें इस्तेमाल?

इस डिवाइस का आकार छोटा होता है, जिसे पकड़ना बेहद आसान है। आगे की बनावट आंखों में मसाज करते समय पूरी तरह से आरामदायक हो, ऐसा सोचकर इसे डिजाइन किया गया है। इसमें लगा माइक्रो-वाइब्रेशन स्लॉट इस डिवाइस का सबसे अहम हिस्सा है। मिनी आई मसाजर आपके पुराने साइनोसाइटिस के दर्द से भी छुटकारा दिलाएगा। इस डिवाइस में एयर प्रेशर, हीट मोड्स और वाइब्रेशन जैसी खूबियां भी शामिल हैं। इसे चलाने के लिए ऑन-ऑफ का बटन दिया गया है। इसे खासतौर पर एक वायरलेस आई मसाज देने के लिए डिजाइन किया गया है।

क्या है इसकी कीमत?

भारतीय बाजार में पहले से ही स्वास्थ्य से संबंधित कई तरह की डिवाइस हैं, लेकिन मिनी आई मसाजर एक मात्र ऐसी डिवाइस है, जो हर किसी के बजट में आसानी से आ जाएगी। आपको बता दें कि इसकी कीमत 300 रुपए से शुरू होती है। ब्रांड के हिसाब से इसकी कीमत बढ़ भी सकती है। मिनी आई मसाजर की खास रेंज में आपको कई कलर ऑप्शन भी मिल जाएंगे।

क्या है खास?

यह काफी प्रभावशाली डिवाइस है। पेटेंट डिजाइन वाला ये मसाजर पूरी तरह से सुरक्षित है। आंखों के ऊपर इसकी मसाज थकावट, अनिद्रा, सिर दर्द जैसी परेशानियों को दूर करती है। ये डिवाइस आंखों के चारों तरफ के काले घेरों, झुर्रियों से राहत दिलाती है। इसकी बैटरी भी काफी लंबे समय तक साथ देती है और आसानी से उपलब्ध है।

रेसिपी

राजकचौरी

- 300 ग्राम मोठ अंकुरित
- 4 उबले हुए आलू
- 250 ग्राम मैदा
- 100 ग्राम बेसन
- तलने के लिए तेल
- स्वाद के अनुसार नमक
- 1/2 टी स्पून देगी मिर्च
- 1 टी स्पून गरम मसाला पाउडर
- 500 ग्राम दही
- 1/2 कप इमली की चटनी
- 1/2 कप हरी चटनी
- 1 कप अनार के दाने
- 1 कप बीकानेरी भुजिया
- 2 टी स्पून बारीक कटा हरा धनिया

विधि

सबसे पहले मैदा को पानी से अच्छी तरह से गूंध लें। इसके बाद बेसन में थोड़ा-सा तेल, देगी मिर्च और नमक डाल कर गूंध लें। अब मैदे की छोटी-छोटी लोइयां बनाएं और उसमें बेसन की छोटी गोली भरकर पूरी के आकार में बेलें। एक कड़ाही में तेल गर्म करें और पूरियों को करारा तल लें। मोठ को उबालकर उसमें नमक, मिर्च, गरम मसाला, उबले हुए आलू मिलाएं और कचौड़ी में भरे, दही में नमक मिलाएं और तैयार राज कचौड़ी के बीच में डालें ऊपर से मीठी और हरी चटनी डालें। बीकानेरी भुजिया और अनार के दानों से सजाकर इसे सर्व करें।

स्वादिष्ट पोटैटो पॉप्स

- उबला और कद्दूकस किया हुआ आलू: एक कप
- कद्दूकस की हुई गाजर: चौथाई कप
- एक चीज का टुकड़ा
- एक ब्राउन ब्रेड
- अदरक और हरी मिर्च का पेस्ट: आधा चम्मच
- कटा हुआ धनिया: दो बड़े चम्मच
- चुटकी भर चीनी
- नमक स्वाद के अनुसार।
- दो चम्मच तेल
- 8 कैंडी स्टिक्स

विधि

चीज के टुकड़े को आठ बराबर भागों में काटकर रख लें। अब ब्राउन ब्रेड को पानी में भिगोएं और दोनों हथेलियों से दबाव देकर पानी निकाल दें। इस ब्रेड को अच्छी तरह मैश करके एक कटोरे में रख लें। अब इसमें आलू, गाजर, अदरक, हरी मिर्च का पेस्ट, धनिया, चीनी और नमक डालें और अच्छी तरह मिलाएं। आठ बराबर भागों में बांटकर इसे चपटा गोल आकार दें। हर टुकड़े के बीच में चीज का टुकड़ा रखें और उसे अंडाकार आकार दे दें। हर पीस के अंदर एक कैंडी स्टिक लगाएं और हर पोटैटो पॉप्स के बीच दोबारा आकार देकर रख लें। एक नॉन स्टिक पैन में दोनों तरफ से भूरा होने तक पकाएं। इसमें थोड़ा तेल इस्तेमाल कर सकते हैं। अब गर्मागर्म परोसें।

टाईम पास

आज का राशिफल

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम वाला बन रहा है। शुभांक-1-5-7

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-2-5-7

मिथुन (का की कू घ ड छ के को हा): कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-3-6-7

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-4-3-6

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-4-6-9

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-3-5-6

तुला (रा री रु रे रो ता ती तू ते): आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। पारिवारिक विवाद टालें। शुभांक-2-6-7

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो य यी यू): व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। बातचीत में संयम बरतें। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। शुभांक-1-5-7

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के योग बनेंगें। शुभांक-2-4-5

मकर (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपनों का सहयोग होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पायेगें। शुभांक-5-7-9

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा): शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताए भी बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। शुभांक-3-6-9

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-3-5-6

लॉफिंग ज़ोन

प्रेमिका (प्रेमी से)- नरेश, आप जुआ मत खेला करो, जुएँ में अगर आदमी एक दिन जीतता है तो दूसरे दिन हारता भी है।

नरेश- तो ठीक है! तुम्हें घबराने की कोई जरूरत नहीं। आज से मैं एक दिन छोड़कर जुआ खेला करूँगा!

▯ ▯ ▯

एक रईसजादी ने दो घोड़े खरीदे। उन दोनों घोड़ों की अलग-अलग पहचान के लिए अंतर कैसे रखा जाए, इस बाबद उसने अपने पड़ोसी से पूछा। पड़ोसी ने सुझाया कि एक घोड़े की पूँछ काट दो।

उसने पूँछ काट दी, लेकिन दूसरे दिन दूसरे घोड़े की पूँछ एक झाड़ी में फँस गई और काटनी पड़ी। अब दोनों घोड़े पूँछ कटे हो गए थे। फिर पहचान की समस्या आ खड़ी हुई। उसने फिर पड़ोसी से राय ली।



पड़ोसी ने कहा कि एक घोड़े का एक कान काट दो, लेकिन दूसरे दिन दूसरे घोड़े का कान खेत के चारों तरफ लगी तार फेंसिंग में उलझ कर कट गया।

उसने सुझाया कि उनकी ऊँचाई नाप लो। रईसजादी ने घोड़ों की ऊँचाई नापकर पड़ोसी को बताई- 'सफेद घोड़ा काले घोड़े से दो इंच ऊँचा है।'



▯ ▯ ▯



काकुरो पहेली - 646



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आगे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः

5+6+7+8+9=35
4+6+7+8+9=34
5+7+8+9=29
6+7+8+9=30

काकुरो - 645 का हल

फिल्म वर्ग पहेली- 646

बायें से दायें:-

१. 'तू मिले दिल खिले और' गीत वाली नागार्जुन, रमैया, मनीषा की फिल्म-४
३. राजकपूर, माला की 'आँसू भरी हैं ये जीवन की राहें' गीत वाली फिल्म-५
६. 'केसरिया बालम' गीत वाली श्रेयस तलपदे, आयशा टाकिया की फिल्म-२
७. शाहरूख, माधुरी की 'अठरा बरस की कँवारी कली थी' गीत वाली फिल्म-३
९. 'वो चाँद जैसी' गीत वाली शाहरूख खान, माधुरी, ऐश्वर्या की फिल्म-४
११. जैकी श्रॉफ, डिम्पल कपाड़िया की 'फूल ये कहाँ से' गीत वाली फिल्म-२
१२. शॉवर अली, तरूण अरोड़ा, मेघना की फिल्म-३
१४. संजय दत्त, फरहा की 'मेरा प्यार तेरे जीवन के संग' गीत वाली फिल्म-३
१५. विनोद मेहरा, बिंदिया की फिल्म-३
१७. हिमालय, भाग्यश्री की 'तेरा ही प्यार मेरे इस दिल में' गीत वाली फिल्म-३
१८. फिल्म 'कभी कभी' में ऋषि की नायिका कौन थी-३
२०. अनिल, अक्षय खन्ना, ऐश्वर्या की 'इश्क बिना क्या' गीतवाली फिल्म-२
२२. दिलीप कुमार, रेखा, ममता कुलकर्णी की फिल्म-२
२४. अमिताभ, रेखा की 'कोई गाता मैं सो जात' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'बागां मां जब मोर बोले' गीत वाली अक्षयकुमार, करीना की फिल्म-३
२७. विनोद खन्ना, हेमा की अरूणा राजे द्वारा निर्मित एवं निर्देशित फिल्म-३
२८. 'क्यूं मेरा दिल तुझको' गीत वाली करण नाथ, मनीषा की फिल्म-२
२९. नसीर, ओमपुरी, स्मिता की 'शमशीर बजे ना' गीत वाली फिल्म-२
३०. 'बंधन' में सलमान का नाम?-२
३१. फिल्म 'काफी हाउस' में शम्मी कपूर की नायिका?-२,२

ऊपर से नीचे:-

१. 'दिल ना दिया' गीत वाली फिल्म-२
२. विनोद खन्ना, बिंदू की फिल्म-३
३. 'दो दिल मिल रहे' गीत वाली फिल्म-४
४. विनोद मेहरा, रीना राय की फिल्म-४
५. 'आप से प्यार हुआ' गीत वाली फिल्म-२
७. 'सिर्फ संडे को करती हूँ मैं' गीत वाली अब्बास, शर्बाणी मुखर्जी की फिल्म-२
८. देव आनंद, आशा पारेख की 'ये दुनिया वाले पूछेंगे' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'बड़ी दूर से आये हैं प्यार' गीत वाली अनिल धवन, योगिता की फिल्म-४
११. देव आनंद, मधुबाला की 'उन के खयाल आए तो' गीत वाली फिल्म-२,२
१३. 'जब लिया हाथ में हाथ' गीत वाली राजेंद्रकुमार, गीताबाली की फिल्म-३
१५. जयराज, निरूपा की 'ना किसी की आँख का नूर हूँ' गीत वाली फिल्म-२,२
१६. फिल्म 'शिवा' में नागार्जुन के साथ नायिका कौन थी-३
१९. 'लेके पहला पहला प्यार गीत वाली फिल्म-१,२,१
२१. मिथुन, आदित्य, डिम्पल, मंदाकिनी की फिल्म-३
२३. अनिल धवन, रश्मि वर्मा, सोनिका गिल की एक सस्पेंस फिल्म-२
२५. 'पियू बोले जिया' गीत वाली फिल्म-४
२६. बिस्वजीत, माला की 'अजी हो ताश के बावन पत्ते' गीत वाली फिल्म-३
२९. 'चालबाज' में श्रीदेवी के एक किरदार का नाम अंजू था दूसरे किरदार का नाम?-२

फिल्म वर्ग पहेली- 645

सूडोकु -646

		9		5		2		4
4	5				9	7	1	8
				7			5	3
	8	2	7		5			6
1	3			4			7	2
5			1		2	8	3	
8	4			9				
3	6	1	2				9	5
2		5		1		6		

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -645 का हल



7	8	6	4	1	3	5	9	2
5	9	4	7	8	2	1	6	3
1	2	3	6	9	5	7	4	8
9	3	8	2	6	1	4	7	5
2	7	5	8	4	9	6	3	1
6	4	1	5	3	7	2	8	9
3	5	9	1	7	4	8	2	6
8	1	7	9	2	6	3	5	4
4	6	2	3	5	8	9	1	7

शब्द पहेली - 646

बाएँ से दाएँ

1.महर्षि वेदव्यास द्वारा रचित महाकाव्य-5
4.आज्ञापत्र, पतंगा-4
7.शरीर, बदन-2
8.होशियार, हुनरमंद-3
9.नस, नाड़ी-2
10.तीर रखने का पात्र-4
11.गधा, गर्दभ-2
13.जो बंदी हो-3
14.पत्नी, भार्या-2
15.दृष्टि, निगाह-3
17.खैरात, दक्षिणा-2
19.अपने ही घर में कैद होना-5
22.भाग्यवाला-5
25.जी, इच्छा-2
26.तन, काया-3
28.दुनिया, संसार-2
29.वेतन-3
30.भीगा हुआ-2
32.सागौन, एक प्रकार की मूल्यवान लकड़ी-4
34.परिणाम,हल,फ्रूट-2
36.सचेग-3
37.राजकपूर,नरगिस की फिल्म-2
38.चाणक्य के समय मगध की राजधानी-4
39.निरस्त करना-2,3

ऊपर से नीचे

1.आमिर,मनीषा कोइराला की फिल्म-2
2.रवि, सूर्य-3
3.तमाशा देखनेवाले-5
4.परीक्षण,जांच-3
5.सप्ताह का दिन-2
6.जो नापसंद हो (उर्दू-4)
7.गोविंदा व खुशबू की फिल्म-2,3
10.भाग्य,किस्मत-4
12.क्रिकेट में बनते हैं-2
16.नसीरुद्दीन शाह की एक फिल्म -3
17.खुजली-2
18.रस्सी पर अपराधी को लटकाना-2
20.आवश्यक-3
21.कैदी, बंधक-2
22.इसाई साध्वी-2
23.बालकपन-4
24.असावधान-5
25.महासमुद्र-5
26.सज्जनता, भद्रता-4
27.अभिषेक की फिल्म-2
31.मुद्दा (उर्दू-3)
33.वाचन करनेवाला-3
35.उद्देश्य-2
37.आगमन,आने का भाव-2

शब्द पहेली - 645 का हल

कोच गोरान इवानिसेविच से अलग हुए टेनिस खिलाड़ी नोवाक, 2018 के बाद जीते 12 ग्रैंड स्लैम खिताब

मियामी। दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच अपने कोच गोरान इवानिसेविच से अलग हो गए हैं। 2018 में कोच गोरान से जुड़ने के बाद नोवाक ने 12 ग्रैंड स्लैम खिताब अपने नाम किए थे। कोच से अलग होने की जानकारी नोवाक ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट

से दी। इंस्टाग्राम पर प्रकाशित एक पोस्ट में, जोकोविच ने कहा कि उन्होंने 'कुछ दिन पहले' इवानिसेविक के साथ काम करना बंद कर दिया था। उन्होंने लिखा, 'कोर्ट पर हमारी केमिस्ट्री में उतार-चढ़ाव आए,÷ लेकिन हमारी दोस्ती हमेशा मजबूत रही।

इवानिसेविच की मदद से जोकोविच ने 12 ग्रैंड स्लैम खिताब जीत जिसके बाद उनके नाम 24 खिताब दर्ज हो गए हैं। हालांकि, वह अभी तक 2024 में कोई खिताब नहीं जीत पाए हैं, जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में और इस महीने इंडियन वेल्स में तीसरे दौर में हार गए थे। जोकोविच अब क्ले-कोर्ट सीजन की तैयारियों में जुटे हैं। इवानिसेविच ने 2001 में वाइल्ड-कार्ड प्रविष्टि के रूप में विंबलडन जीता था।

आरसीबी के खिलाफ केकेआर का विजय रथ जारी, साधारण गेंदबाजी से हारा बेंगलुरु, कोहली की पारी बेकार

बेंगलुरु। कोलकाता नाइट राइडर्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ सात विकेट से जीत दर्ज की। केकेआर ने इस मैच में जीत के साथ आरसीबी के खिलाफ अपने जीत के रथ को बरकरार रखा। आरसीबी ने केकेआर के खिलाफ 2015 में आखिरी जीत हासिल की थी। घरेलू मैदान पर केकेआर ने अपने रिकॉर्ड को बरकरार रखा। कोलकाता ने इस जीत के साथ विराट कोहली की विस्फोटक पारी पर पानी फेर दिया। आईपीएल 2024 के 10वें मैच में आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में छह विकेट खोकर 182 रन बनाए। इसके जवाब में कोलकाता ने 19 गेंदों के शेष रहते हुए लक्ष्य हासिल कर लिया। कोलकाता इस जीत के साथ अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई। टीम के खाते में चार अंक हैं जबकि आरसीबी दो अंकों के साथ छठे पायदान पर पहुंच गई। 183 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोलकाता को फिलिप सॉल्ट और सुनील नरेन ने दमदार शुरुआत दिलाई। दोनों ने आरसीबी के गेंदबाजों को निशाना बनाते हुए पहले विकेट के लिए 86 रन की साझेदारी निभाई। मयंक डागर ने इस साझेदारी को सातवें ओवर की तीसरी गेंद पर तोड़ा। नरेन 22 गेंदों में 47 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने 213.63 के स्ट्राइक रेट से दो चौके और पांच छक्के लगाए। वहीं, फिलिप सॉल्ट दो चौकों और दो छक्कों की मदद से 30 रन बनाने में कामयाब हुए।

विराट कोहली और गौतम गंभीर की तकरार का हुआ अंत, दोनों ने लगाया एक-दूसरे को गले

बेंगलुरु । विराट कोहली और गौतम गंभीर के बीच चल रही तकरार शाम को खत्म हो गई। कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेले गए मुकाबले में दोनों एक-दूसरे गले मिलते दिखाई दिए। इस तरह दोनों दिग्गजों के बीच सुलह हो गई। इसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हो रहा है। आईपीएल 2024 के 10वें मैच में आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में छह विकेट खोकर 182 रन बनाए। इसके जवाब में कोलकाता ने 19 गेंदों के शेष रहते हुए लक्ष्य हासिल कर लिया। कोलकाता इस जीत के साथ अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई। टीम के खाते में चार अंक हैं जबकि आरसीबी दो अंकों के साथ छठे पायदान पर पहुंच गई।

विराट कोहली ने लगाया अर्धशतक

कोलकाता के खिलाफ आरसीबी के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने दमदार प्रदर्शन किया। उन्होंने विरोधी टीम के खिलाफ अपने आईपीएल करियर का 52वां शतक लगाया। इस दौरान किंग कोहली ने 59 गेंदों का सामना किया और 83 रन की नाबाद पारी खेली। टाइम आउट के दौरान केकेआर के मेंटर गौतम गंभीर ने विराट भी को गले लगाया। इसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

गंभीर और कोहली का हुआ पैचअप

दरअसल, स्ट्रेटजिक टाइम आउट के दौरान जब सभी खिलाड़ी एक-दूसरे से मिल रहे थे तभी गौतम गंभीर ने विराट कोहली की तरफ दोस्ती का हाथ बढ़ाया और उन्हें गले लगाया। इस दौरान दोनों के बीच कुछ चर्चा भी हुई, हालांकि, दोनों हंसते दिखाई दिए। गंभीर और कोहली के फैंस के लिए यह बहुत बड़ी खुशखबरी है।

धर्मशाला में छह दिवसीय नेशनल चैस प्रतियोगिता का हुआ आगाज़

धर्मशाला। धर्मशाला में छह दिवसीय नेशनल चैस चैंपियनशिप का आगाज हुआ। इसमें देश भर के विभिन्न राज्यों व केंद्र शासित राज्यों से चुनकर राष्ट्रीय गेम्स में पहुंचने वाली महिला व पुरूष की 50 टीमें दमखम दिखा रही हैं, जिसमें 30 पुरूष व 20 महिला वर्ग से हैं। इस प्रतियोगिता में 250 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। वहीं विजेता खिलाडियों के लिए बॉयज व गर्ल्स में पांच-पांच लाख यानि कुल 10 लाख रुपए का ईनाम वितरित किए जाएंगे। प्रतियोगिता का समापन चार अप्रैल को होगा।

राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आगाज भारतीय राष्ट्रीय चैस फेडरेशन की ओर से हिमाचल प्रदेश चैस एसोसिएशन के सहयोग से खेल नगरी धर्मशाला के इंडोर स्टेडियम में हुआ। इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय शतरंज संघ एडवाइजरी बोर्ड के चैयरमेन भरत सिंह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

नेशनल गेम्स का आयोजन ऑल इंडिया चेस फेडरेशन के कोषाध्यक्ष एवं चीफ ऑर्बिटर देवेंद्र कुमार की निगरानी में करवाया जा रहा है। जबकि चेस एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष अरुण कंबोज व महासचिव संजीव मेजबानी का जिम्मा संभाल रहे हैं। हिमाचल में पहली बार शतरंज की राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन

किया जा रहा है। पुरुष वर्ग की 43वीं और महिला वर्ग की 21वीं राष्ट्रीय टीम चेस प्रतियोगिता होगी। इसमें देश के करीब सभी राज्यों के ग्रैंड मास्टर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। नौ राउंड में होने वाली शतरंज प्रतियोगिता में पहले दस स्थानों पर रहने वाले खिलाडियों को पुरस्कार दिए जाएंगे। चैस गेम्स में पुरूष वर्ग के नौ जबकि महिला वर्ग के सात रांउड करवाए जाएंगे। जिसमें हर रांउड में जीतकर अगले चरण में प्रवेश करने के आधार पर अंतिम में टॉप में रहने वाले खिलाडियों को विजेता घोषित किया जाएगा। प्रतियोगिता में महिला और पुरुष वर्ग में पहला स्थान हासिल करने वाले प्रतिभागी को सवा लाख-सवा लाख की राशि दी जाएगी। दूसरे स्थान पर रहने वाले प्रतिभागी को एक लाख रुपए और तीसरे स्थान पर रहने वाले प्रतिभागी को 75 हजार देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा चौथे स्थान के लिए 60 हजार, पांचवें पर 50 हजार, छठे पर 30 हजार, सातवें पर 20 हजार, आठवें पर 20 हजार, नौवें पर 10 हजार और दसवें स्थान पर रहने वाले प्रतिभागी को दस हजार दिया जाएगा।

उधर, ऑल इंडिया चेस फेडरेशन के अध्यक्ष अरूण कम्बोज ने कहा कि धर्मशाला में पहली बार इस तरह की राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसमें देश भर के विभिन्न राज्यों की 50 टीमों में 30 पुरूष व 20 महिला वर्ग की टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता में विजेता रहने पहले प्रतिभागियों को दस लाख रुपए के इनाम देकर सम्मानित किया जाएगा।

जय प्रताप सिंह फिर बने उत्तर प्रदेश तैराकी एसोसिएशन के अध्यक्ष

लखनऊ। भाजपा विधायक एवं पूर्व मंत्री जयप्रताप सिंह को उत्तर प्रदेश तैराकी एसोसिएशन की हुई वार्षिक आम सभा की बैठक में पुनः सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुन लिया गया। गोमतीनगर एल्डिको ग्रीन स्थित एफिल क्लब में आयोजित बैठक में शिवम कपूर को सचिव और शिवशंकर दत्ता को कोषाध्यक्ष के पद पर चुना गया।

केंद्र सरकार के स्पोर्ट्स कोड के अनुसार हुए ये चुनाव उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के पर्यवेक्षक एसके तिवारी (ओएसडी), उत्तर प्रदेश खेल विभाग के पर्यवेक्षक अजय कुमार सेठी (क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी लखनऊ) एवं भारतीय तैराकी संघ के पर्यवेक्षक राज कुमार की मौजूदगी में हुए। इन चुनावों में कोई अतिरिक्त नामांकन न होने के चलते सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ। चुनाव के बाद

रिटर्निंग आफिसर सुधीर शर्मा (पूर्व डिप्टी एसपी) ने परिणाम घोषित किए। नवनिर्वाचित सचिव शिवम कपूर ने बताया कि उत्तर प्रदेश तैराकी चैंपियनशिप का आयोजन सिद्धार्थनगर में किया जाएगा जिसकी तिथियों की घोषणा बाद में की जाएगी। राज्य चैंपियनशिप के माध्यम से आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए उत्तर प्रदेश टीम चुनी जाएगी।

खेलो इंडिया अस्मिता जूनियर महिला तैराकी प्रतियोगिता शुरू

गुवाहाट। खेलो इंडिया अस्मिता महिला जूनियर तैराकी प्रतियोगिता गुवाहाटी के सरुसाजई स्टेडियम में स्थित डॉ. जाकिर हुसैन एक्वाटिक कॉम्प्लेक्स में शुरू हो गई।

केन्द्र सरकार की पहल पर भारतीय खेल प्राधिकरण, भारतीय तैराकी संघ और असम तैराकी संघ के संयुक्त तत्वावधान में तैराकी की स्पर्धाएं शुरू हो गईं। इन स्पर्धाओं में बंगाल, मेघालय और असम की टीमों के 110 प्रतियोगियों ने भाग लिया। तैराकी के कड़े मुकाबलों में बंगाल की टीम ने छह स्वर्ण, सात रजत और छह कांस्य पदक जीतकर बढ़त बनाई है। घरेलू टीम असम चार स्वर्ण, तीन रजत और तीन कांस्य पदक के साथ दूसरे स्थान पर है। भारतीय खेल प्राधिकरण के गुवाहाटी कार्यालय की उप निदेशक अनन्या शर्मा और अखिल भारतीय तैराकी

संघ के उपाध्यक्ष और असम तैराकी संघ के सचिव भास्कर रंजन दास ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। आयोजन समिति के अनुसार अंतिम दिन 10 स्पर्धाओं में प्रतियोगिता होगी।

प्लेयर ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए नामित होने पर सम्मानित महसूस कर रही हूं: दीपिका कुमारी

नई दिल्ली। पिछले वर्ष के दौरान, भारतीय फॉरवर्ड दीपिका कुमारी टीम के आक्रमण के शक्तिशाली हथियारों में से एक के रूप में उभरी हैं। भारतीय महिला हॉकी टीम की पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञ हाल ही में संपन्न 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के दौरान 15 गोल के साथ सर्वोच्च गोल स्कोरर थीं। इसके अलावा, उनके प्रदर्शन के लिए, 21 वर्षीय दीपिका को प्रतिष्ठित हॉकी इंडिया असुंता लाकड़ा प्लेयर ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए भी नामित किया गया है।

दीपिका ने हॉकी इंडिया द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में कहा,ईमानदारी से कहूं तो, मुझे इस पुरस्कार के लिए नामांकित होने की उम्मीद नहीं थी। लेकिन मैं इस पुरस्कार के लिए नामांकित होने से सम्मानित महसूस कर रही हूं। मैं इस बारे में नहीं सोच रही हूं कि मैं पुरस्कार जीतूंगी या नहीं, लेकिन सिर्फ नामांकित होने का उत्साह एक एड्रेनालाईन भीड़ की तरह है । जब मैंने शुरुआत की, तो मैं अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही थी, लेकिन जूनियर एशिया कप और सीनियर

महिला टीम के साथ कई दौरों में खेलने के बाद, मैं अपने प्रदर्शन में प्रतिदिन सुधार करती रही।'

उन्होंने कहा, मेरा परिवार इस बात से खुश है कि मुझे इस पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। उनके लिए मेरा नामित होना बहुत मायने रखता है।

पुणे के पिंपरी में मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम में 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के फाइनल में हॉकी हरियाणा ने हॉकी महाराष्ट्र को शूट आउट में 3-0 (1-1) से हराया। निर्धारित समय में हॉकी हरियाणा के लिए दीपिका (26') ने एकमात्र गोल किया। नवनीत कौर, उषा और सोनिका ने शूटआउट में स्कोर किया और उनकी कप्तान सविता ने लगातार तीन बचाव करके टीम को खिताब दिलाया।

14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में अपने अनुभव को लेकर दीपिका ने कहा, मुझे घरेलू टूर्नामेंट में खेले हुए काफी समय हो गया है। पिछली बार मैंने 2020 में सीनियर नेशनल में खेला था। इस टूर्नामेंट में खेलना विशेष था क्योंकि कई वरिष्ठ खिलाड़ियों ने भी हिस्सा लिया था। जिस स्तर की हॉकी खेली गई वह उग्र और तीव्र थी। विभिन्न खिलाड़ियों के खिलाफ खेलने से आपको यह समझने में मदद मिलती है कि आपको कहां सुधार करने की जरूरत है। इसका कभी अंत नहीं हो सकता, क्योंकि आपको हर खेल में सीखने के लिए मिलता है।

उन्होंने कहा, मैंने हर खेल में गोल करने के बारे में ज्यादा नहीं सोचा था लेकिन मेरा मुख्य उद्देश्य ड्रैग-फ्लिक के माध्यम से गोल करना था। मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से, मैं अपने ड्रैग-फ्लिकिंग कौशल में सुधार और काम करने पर अधिक ध्यान केंद्रित कर रही थी और इससे मेरे आत्मविश्वास में काफी फायदा हुआ है। मैं इस बात पर नज़र नहीं रख रही थी कि मैंने कितने गोल किए हैं, लेकिन फिर टूर्नामेंट को 15 गोल के साथ खत्म करना केक पर चेरी के समान था।

आंद्रे रसेल ने रचा इतिहास, ऐसा करने वाले दुनिया के दूसरे खिलाड़ी बने

दिल्ली। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के स्टार ऑलराउंडर आंद्रे रसेल ने बैंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ खेले गए मैच के दौरान इतिहास रच दिया। रसेल आईपीएल में 2000 से ज्यादा रन और 100 या इससे अधिक विकेट लेने वाले दुनिया के दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं। रसेल ने 2012 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलते हुए आईपीएल में डेब्यू किया था। वह केकेआर से 2014 में जुड़े थे और उन्होंने 114 मैचों में 2326 रन बनाए हैं और उनके नाम 100 विकेट हो गए हैं।

आरसीबी के खिलाफ लिए दो विकेट

आईपीएल में दो बार मोस्ट वेल्यूएबल खिलाड़ी का अवॉर्ड जीतने वाले रसेल ने आरसीबी के खिलाफ खेले गए मैच में 29 रन देकर दो विकेट लिए थे। इसके साथ ही उन्होंने आईपीएल में 100 विकेट पूरे किए और वह इस एलीट लिस्ट में शामिल हो गए। केकेआर ने रसेल को 2022 के लिए हुई मेगा नीलामी में रिटेन किया था। रसेल ने आरसीबी के खिलाफ कैमरन ग्रीन और रजत पाटीदार को आउट किया। ग्रीन विराट कोहली के साथ मिलकर टीम को तेज शुरुआत दिला रहे थे, तभी रसेल ने इस अहम साझेदारी को तोड़ दिया।

रसेल आईपीएल में 1000 रन और 100 विकेट लेने वाले पांचवें खिलाड़ी बने

रसेल इस दौरान आईपीएल में 1000 रन और 100 या इससे अधिक विकेट लेने वाले दुनिया के पांचवें खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे पहले इस लिस्ट में चेन्नई सुपर किंग्स के स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा, केकेआर के सुनील नरेन, आईपीएल में मुंबई इंडियंस, सीएसके और गुजरात लायंस का प्रतिनिधित्व करने वाले ड्वेन ब्रावो, दिल्ली कैपिटल्स के अक्षर पटेल शामिल हैं।

जडेजा ने इस लिस्ट में सबसे आगे हैं जिन्होंने 228 मैचों में 2724 रन बनाने के साथ ही 152 विकेट लिए हैं। हालांकि सिर्फ जडेजा और रसेल की ऐसे खिलाड़ी हैं जिनके नाम आईपीएल में 2000 से ज्यादा रन और 100 से ज्यादा विकेट हैं।

राजीव शुक्ला नहीं चाहते उप्र.की चार टीमें बने : अशोक बॉम्बी

झांसी। मैं पिछले चार वर्ष से इस बात की लड़ाई लड़ रहा हूं कि प्रदेश में चार टीमें होनी चाहिए तभी सभी होनहार खिलाड़ियों को मौका मिल पाएगा। यह बात उत्तर प्रदेश के पूर्व रणजी खिलाड़ी व चयनकर्ता रहे अशोक बॉम्बी ने खेल विशेषज्ञ बृजेन्द्र यादव से बातचीत में कही। उन्होंने कहा राजीव शुक्ला व कुछ अन्य लोग यह नहीं चाहते हैं कि प्रदेश में चार टीमें बने। इसका प्रस्ताव मैंने अपेक्स काउंसिल की मीटिंग में भी रखा था, जिसे डाबर साहब ने अनुमोदित किया था। लेकिन राजीव शुक्ला ने इस बात को बीसीसीआई के पटल पर रखना उचित नहीं समझा। मेरा यह मानना है कि उत्तर प्रदेश में जोकि आबादी के अनुसार देश का सबसे बड़ा राज्य है उसमें चार टीमें होनी चाहिए। क्योंकि

जहां महाराष्ट्र और गुजरात में तीन तीन टीम है तो उत्तर प्रदेश में चार टीमें क्यों नहीं? हमारे खिलाड़ियों के साथ कब तक यह सौतेला व्यवहार चलता रहेगा। मेरे विचार से इसके दो ही तरीके हैं एक तो तरीका है आंदोलन का जिसमें प्रदेश के सभी खिलाड़ी आगे आए विशेष करके भूतपूर्व प्रथम श्रेणी के खिलाड़ी। इसमें अपनी अपनी सहमति दे और दूसरा प्रदेश में चार टीमें बनाने का जो अभियान है। उसमें अगर कोई कुछ कर सकता है तो वह हमारे मुख्यमंत्री योगी व प्रधानमंत्री मोदी ही कर सकते हैं। बाकी राजीव शुक्ला ने बीसीसीआई में अपनी ऐसी पैठ बना रखी है कि वे प्रदेश मे चार टीमें होने नहीं देंगे। इसके साथ ही साथ लखनऊ में आईपीएल मैच के दौरान स्टेडियम की दर्शक दीर्घा में तमाम खिलाड़ी बैनर लेकर बैठे और टीवी के माध्यम से अपनी आवाज को बुलंद करें। मेरे विचार से यह अच्छा होगा कि मैच के दौरान जो इस अभियान को तेजी मिलेगी वह और किसी माध्यम से मिलना संभव नही है । हम लोग अगले सत्र व लोकसभा के चुनाव का इंतजार ना करें बल्कि यह एक अच्छा अवसर है जिसके द्वारा हम अपनी उचित मांग को मनवाने में कामयाब होंगे।

कनाडा के खिलाफ टी-20 श्रृंखला के लिए कोरी एंडरसन यूएसए की टीम में, उन्मुक्त बाहर

ह्यूस्टन। न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर कोरी एंडरसन को कनाडा के खिलाफ 7 अप्रैल से होने वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए यूएसए की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। एंडरसन के अलावा, हरमीत सिंह, मिलिंद कुमार, एंड्रीज़ गॉस, शैडली वान शल्कविक और नितीश कुमार यूएसए टीम में अन्य नए चेहरे हैं।

एंडरसन आखिरी बार 2018 में न्यूजीलैंड के लिए खेले थे, और अब मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) की घोषणा के दौरान देश में प्रवास के बाद यूएसए के लिए खेलने के लिए पात्र हैं। यूएसए जाने के बाद से, एंडरसन ने मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) के

लिए विकासात्मक लीग माइनर लीग क्रिकेट (एमआईएलसी) में 28 पारियों में 146 की स्ट्राइक रेट से 900 रन बनाए हैं, जिसका उद्घाटन संस्करण पिछले साल आयोजित किया गया था। भारत के पूर्व अंडर-19 बाएं हाथ के स्पिनर हरमीत ने 2022 में एमआईएलसी ट्रॉफी में सिएटल थंडरबोल्ट्स की कप्तानी की और 2023 एमएलसी में सिएटल ओर्कास द्वारा चुना गया। आरसीबी के पूर्व बल्लेबाज मिलिंद, जो घरेलू क्रिकेट में दिल्ली और सिक्किम के लिए खेलते थे, अच्छे घरेलू प्रदर्शन के बाद टीम में जगह बना पाने में सफल रहे। गौस और वान शल्कविक, जो दक्षिण अफ्रीका से संयुक्त राज्य अमेरिका चले गए, को घरेलू सर्किट में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के लिए पुरस्कृत किया गया है। कनाडा के पूर्व कप्तान नीतीश कुमार 2021 में यूएसए जाने के बाद अपनी पूर्व टीम के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने के लिए तैयार हैं। वहीं, भारत के लिए पूर्व अंडर-19 विश्व कप विजेता कप्तान, उन्मुक्त चंद को टीम में शामिल नहीं किया गया है।

संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा के बीच टी-20 मैच 7-13 अप्रैल तक ह्यूस्टन, टेक्सास में प्रेयरी व्यू क्रिकेट कॉम्प्लेक्स में खेला जाएगा। यूएसए की टीम 1 अप्रैल से पीवीसीसी में अपनी तैयारी शुरू करेगी।

यूएसए की टीम इस प्रकार है: मोनांक पटेल (कप्तान), एरोन जोन्स (उपकप्तान), एंड्रीज़ गौस, कोरी एंडरसन, गजानंद सिंह, हरमीत सिंह, जेसी सिंह, मिलिंद कुमार, निसर्ग पटेल, नितीश कुमार, नोशतुश केनजिगे, सौरभ नेत्रावलकर, शैडली वान शल्कविक, स्टीवन टेलर, उस्मान रफीक।

अब आर-पार के मूड में आया डब्ल्यूएफआई, खेल मंत्रालय के निलंबन नहीं हटाने पर लेगा यह अहम फैसला

गुरुग्राम। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) में विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। डब्ल्यूएफआई ने विशेष आम बैठक (एजीएम) बुलाई और उसमें यह फैसला लिया कि अगर केंद्रीय खेल मंत्रालय उस पर लगाए निलंबन पर विचार नहीं करता है तो वह सरकारी खर्च के बिना काम करना शुरू कर देगा। खेल मंत्रालय ने संजय सिंह की अगुआई वाली नई डब्ल्यूएफआई की कार्यकारी समिति पर खेल संहिता के उल्लंघन के आरोप के चलते निलंबन लगाया हुआ है।

आईओए ने तदर्थ समिति को किया था भंग

खेल की वैश्विक संस्था यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) ने संजय सिंह की अगुआई वाली डब्ल्यूएफआई से निलंबन हटा दिया था। इसके बाद भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने भारत में कुश्ती का दैनिक कार्य देख रही भूपेंद्र सिंह बाजवा के नेतृत्व वाले तदर्थ समिति को भंग करने का निर्णय लिया था। आईओए द्वारा उठाए गए इस कदम के बाद ही डब्ल्यूएफआई ने अपनी एजीएम आयोजित की थी।

सरकार ने नहीं हटाया डब्ल्यूएफआई से निलंबन

डब्ल्यूएफआई की नई कार्यकारी समिति के अध्यक्ष संजय सिंह को भले ही यूडब्ल्यूडब्ल्यू और आईओए से राहत मिल

गई है, लेकिन केंद्र सरकार से उन्हें अबतक राहत नहीं मिली है। सरकार के अनुसार, डब्ल्यूएफआई ने नियमों का उल्लंघन किया था और चुनाव संपन्न होने के तीन बाद ही डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर दिया गया था।

सरकार से निलंबन हटाने का अनुरोध करेगा डब्ल्यूएफआई

न्यूज एजेंसी के हवाले से डब्ल्यूएफआई के एक सूत्र ने कहा, एजीएम के दौरान इस बात पर सहमित बनी है कि हम सरकार से निलंबन हटाने का अनुरोध करेंगे। यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने निलंबन हटा लिया है और आईओए ने भी तदर्थ समिति भंग कर दी है इसलिए डब्ल्यूएफआई पर लगाए गए निलंबन को जारी रखने का कोई मतलब नहीं है। अगर खेल मंत्रालय हमारे अनुरोध पर विचार नहीं करता है और वित्तीय सहायता प्रदान करने के खिलाफ फैसला लेता है तो हम भी सरकार से कोई खर्च लिए बिना अपना काम करेंगे।

डब्ल्यूएफआई ने अपने संविधान में किया संशोधन

एजीएम के दौरान डब्ल्यूएफआई ने अपने संविधान में एक अहम संशोधन किया है। इसके अनुसार अब नए पद पर चुनाव लड़ने वाले किसी उम्मीदवार को दो तिहाई बहुमत से जीतने की जरूरत नहीं होगी। डब्ल्यूएफआई के कुछ महीने पहले संपन्न हुए चुनाव में संजय सिंह को अध्यक्ष पद के लिए दो तिहाई बहुमत से चुनाव जीतना जरूरी था क्योंकि वह महासंघ के पिछले कार्यकाल में संयुक्त सचिव थे।

ACTION INDIA

एक्शन इंडिया

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ देहरादून ▸ 31 मार्च 2024 ▸ पृष्ठ 08 ▸ आरएनआईः UTTHIN / 2009 / 31653

फास्ट न्यूज

साइबर अपराध: 229 मुकदमे दर्ज कर 423 लोगों को किया गिरफ्तार

फरीदाबाद: फरीदाबाद साइबर पुलिस ने वर्ष 2023 में साइबर अपराध के 229 मुकदमे दर्ज कर 423 आरोपितों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 5.49 करोड़ रुपये की रिकवरी की है। उल्लेखनीय है कि पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के दिशा निर्देश तथा पुलिस उपायुक्त साइबर अपराध जसलीन कौर व एसीपी साइबर अभिमन्यु गोयत के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए तीनों जोन की साइबर थाना पुलिस टीम के द्वारा वर्ष 2023 में 423 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। वर्ष 2023 में फरीदाबाद की साइबर पुलिस ने 229 मुकदमे सुलझाते हुए 423 आरोपितों को गिरफ्तार किया और इस दौरान इनसे करीब 5.49 करोड़ रूपए बरामद/रिफंड कराए। साइबर पुलिस ने 15486 शिकायतों में से निस्तारण करते हुए 3.07 करोड़ रुपये रिकवर/रिफंड करवाए, 88.67 लाख रुपये शिकायतकर्ता को रिफंड करवाए। साइबर अपराध के मामलों में 2.23 करोड़ रुपये बैंक खाते में फ्रीज कराए।

वाहनों के शीशे पर लगाई ब्लैक फिल्म तो होगी कार्रवाई

टीम एक्शन इंडिया

चंडीगढ़: वाहनों के शीशे पर ब्लैक फिल्म का इस्तेमाल करने वाले लोग सावधान हो जाएं, क्योंकि हरियाणा पुलिस द्वारा एक अप्रैल से सात अप्रैल तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत ऐसे वाहन चालकों के चालान किए जाएंगे। हरियाणा महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा पुलिस ऐसे वाहन चालकों पर शिकंजा कसने जा रही है, जो वाहनों के शीशे पर ब्लैक फिल्म लगाकर घूम रहे हैं। उन्होंने कहा कि वाहनों के शीशे पर ब्लैक फिल्म लगाना यातायात नियमों के विरुद्ध है और हरियाणा पुलिस ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ सख्ती से निपटेगी। ऐसे वाहन चालकों को नियमानुसार 10 हजार रुपये तक का जुर्माना भरना पड़ सकता है। इस बारे में प्रदेश के सभी पुलिस आयुक्तों, पुलिस अधीक्षकों तथा पुलिस उपायुक्तों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इस अभियान को लेकर संबंधित क्षेत्रों के डीएसपी तथा एसीपी को इंचार्ज लगाया गया है, जिनकी मॉनीटरिंग संबंधित पुलिस अधीक्षकों तथा पुलिस उपायुक्तों द्वारा स्वयं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को चाहिए कि वह यातायात नियमों का गंभीरता से पालन करें और इनका उल्लंघन न करें। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करें और उनकी अनदेखी ना करें। यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों माध्यम से चालान किए जाएंगे।

फर्जी पैमेंट का मैसेज दिखाकर ठगों ने लगाया हजारों का चूना

फतेहाबाद: जवाहर चौक में एक दुकानदार को शनिवार को फर्जी ऑनलाईन पैमेंट दिखाकर अज्ञात युवकों द्वारा 7500 रुपये की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। इस मामले में साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में जवाहर चौक फतेहाबाद निवासी अशोक कुमार ने कहा है कि उसकी जवाहर चौक में पानीपत हैंडलूम के नाम से दुकान है।

राजस्थान: भाजपा हैट्रिक तो कांग्रेस खाता खोलने को तैयार

पिछली बार के प्रदर्शन को फिर से दोहराने की दिग्गज नेताओं के सामने सबसे बड़ी चुनौती, वहीं, कांग्रेस पार्टी दो बार से सभी सीटों पर हार के क्रम को तोड़ने को लेकर रणनीति बनाने में जुटी

टीम एक्शन इंडिया

जयपुर: राजस्थान में भाजपा बीते दो लोकसभा चुनाव से सभी 25 सीटें जीतती आ रही है। ऐसे में दिग्गज नेताओं के सामने सबसे बड़ी चुनौती पिछली बार के प्रदर्शन को फिर से दोहराने की है। वहीं, कांग्रेस पार्टी दो बार से सभी सीटों पर हार के क्रम को तोड़ने को लेकर रणनीति बनाने में जुटी है। इस बार भाजपा को कुछ सीटों पर चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में मुख्यमंत्री भजनलाल, प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी सहित अन्य नेता उन चुनौतियों से निपटने के लिए पूरा जोर लगाए हुए हैं। दूसरी तरफ प्रदेश कांग्रेस ने पिछले दो लोकसभा चुनावों की हार से सबक लेते हुए ज्यादातर सीटों पर नए चेहरों को मौका दिया है। चुनावी रणनीति पर भी विशेष फोकस किया

जा रहा है। यहां तक की चुनाव घोषणा पत्र को भी जयपुर से लॉन्च किया जा रहा है। ऐसे में बड़े नेताओं को एड़ी से चोटी का जोर लगाना पड़ेगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पहली बार विधायक का चुनाव लड़े और मुख्यमंत्री बनाए गए हैं। संगठन का और चुनाव करवाने का उन्हें लम्बा अनुभव है। इस बार संगठन के साथ-साथ सरकार में रहकर चुनावी मैनेजमेंट का जिम्मा सबसे ज्यादा इन्हीं पर है।

गजेन्द्र सिंह शेखावत पर तीसरी बार पार्टी ने फिर से विश्वास जताया

केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत वर्तमान में जोधपुर से सांसद हैं दो बार चुनाव जीत चुके हैं। तीसरी बार पार्टी ने फिर से विश्वास जताया है। प्रदेश में पानी के अन्तरराज्यीय मुद्दों को लेकर खासे चर्चित रहे प्रदेश में भाजपा सरकार बनते ही पानी के दो बड़े मुद्दों को सुलझाने की कोशिश की। खुद की सीट निकालने के अलावा आसपास की सीटों को भी जिताने की जिम्मेदारी है। पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट उप मुख्यमंत्री रहने के साथ ही पार्टी के लंबे समय तक प्रदेश अध्यक्ष रहे हैं। उन पर भी पार्टी उम्मीदवारों को जिताने की जिम्मेदारी है। लेकिन उनके गृह जिले टोंक-सवाईमाधोपुर लोकसभा सीट और दौसा में पार्टी के उम्मीदवारों को जिताने को लेकर ज्यादा बड़ी जिम्मेदारी है। यहां जीत के लिए पायलट की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल बीकानेर से लगातार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। वे भाजपा का प्रदेश का बड़ा एससी चेहरा हैं। केन्द्र ने कुछ समय पहले ही इन्हें विधि मंत्रालय देकर बड़ी जिम्मेदारी दी थी।

खुद की सीट जीतने के अलावा पश्चिमी राजस्थान के एससी मतदाताओं को साधने की बड़ी चुनौती है। इनके पास विधानसभा चुनाव में भी घोषणा पत्र बनाने की बड़ी जिम्मेदारी थी। टीकाराम जूली पूर्व मंत्री के साथ नेता प्रतिपक्ष हैं। इस नाते पूरे प्रदेश के लिए जिम्मेदार है। पार्टी के लिए प्रदेश में सबसे बड़ा चेहरा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का ही है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत तीन बार सीएम रहे, अभी विधायक हैं। इस नाते प्रदेश की जिम्मेदारी है, लेकिन गृह जिले जोधपुर में पार्टी प्रत्याशी को जिताने को लेकर प्रतिष्ठा दांव पर है। पांच साल गहलोत और भाजपा उम्मीदवार गजेन्द्र सिंह राजनीतिक बयानों में एक दूसरे के निशाने पर रहे। अब गहलोत को उम्मीदवार को जिताने के लिए जुटना होगा। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी चित्तौड़गढ़ से सांसद हैं। इस बार फिर से चुनाव लड़ रहे हैं। एक साल पहले प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया था। इन्हीं के नेतृत्व में पार्टी ने विधानसभा चुनाव में जीत हासिल की और अब लोकसभा चुनाव में भी यही प्रदेश अध्यक्ष हैं।

अय्यप्पन के शतक से अन्ना यूनिवर्सिटी चेन्नई ने जलगांव यूनिवर्सिटी को हराया

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली/झुंझुनूं

श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनूं में ऑल इंडिया इंटर युनिवर्सिटी क्रिकेट चैंपियनशिप के पहले मुकाबले में अन्ना यूनिवर्सिटी चेन्नई ने राहुल अय्यपन के शानदार शतक की बदौलत कवयित्री बहिणाबाई उत्तर महाराष्ट्र यूनिवर्सिटी जलगांव को 8 विकेट से हरा दिया। शनिवार को श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी कैम्पस में ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट (पुरूष) चैंपियनशिप का उद्घाटन परम विशिष्ट सेवा मैडल से अलंकृत लेफ्टिनेंट जनरल एसपीएस कटेवा ने युनिवर्सिटी चेयरपर्सन डॉ विनोद टिबड़ेवाला व यूनिवर्सिटी प्रेजीडेंट डॉ देवेन्द्र सिंह दुल की मौजूदगी में किया। चैंपियनशिप का पहला मुकाबला अन्ना यूनिवर्सिटी चेन्नई व कवयित्री बहिणाबाई उत्तर महाराष्ट्र यूनिवर्सिटी जलगांव के बीच हुआ। टॉस जीतकर जलगांव युनिवर्सिटी ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 145 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज सम्यक जगपाल के 21 रन व तुषार के 20 रन की बदौलत जलगांव यूनिवर्सिटी ने 5.1 ओवर में 41 रन बनाए। लेकिन इसके बाद अन्ना यूनिवर्सिटी के गेंदबाजों ने वापसी करते हुए नियमित अंतराल पर विकेट झटके। प्रशांत डोले के 24 गेंद पर 32 रन, नीरज जोशी के 17 रन, प्रद्युम्न के 19 रन की बदौलत विरोधी टीम को 146 रन का लक्ष्य दिया। अन्ना यूनिवर्सिटी की तरफ से सुजीत ने 4 ओवर में 36 रन पर 3 विकेट, दीनदयाल ने 17 रन देकर 2 विकेट व गणेश ने 25 रन देकर 2 विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अन्ना यूनिवर्सिटी की शुरूवात खराब रही। पहले सलामी बल्लेबाज सूर्या को 5 रन के निजी स्कोर पर जैसल ने सौरभ के हाथों कैच आउट करवाया। उनके बाद मैदान पर उतरे राहुल श्रवण भी 7 रन के निजी स्कोर पर बोल्ड हो गए। सलामी बल्लेबाज राहुल अय्यपन ने मोर्चा सम्भालते हुए 16 चौके और 2 छक्के की मदद से चैंपियनशिप का पहला शतक ठोकते हुए 66 गेंद पर 105 रन बनाए और टीम को 18 ओवर में ही अन्ना युनिवर्सिटी को 8 विकेट से जीत दिला दी। शेखावटी इलाके में सेना अधिकारी बनाने के लिए स्थापित होगा

प्रतियोगिता

8 ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट (पुरूष) चैंपियनशिप के उद्घाटन पर हुआ पहला मुकाबला

बाबा महाकाल को एक लोटा केसरयुक्त रंग का जल अर्पित कर प्रतीकात्मक रूप से मनाया गया रंगपंचमी का पर्व।

सीएम सैनी से मिले सिरसा से भाजपा प्रत्याशी अशोक तंवर

टीम एक्शन इंडिया

सिरसा: सिरसा संसदीय सीट से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी डॉ. अशोक तंवर शनिवार को चंडीगढ़ स्थित मुख्यमंत्री आवास पर पहुंचे और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से शिष्टाचारवश भेंट की। इस शिष्टाचार भेंट के दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिलकर हरियाणा में होने वाले संसदीय चुनावों को लेकर महत्वपूर्ण विमर्श किया। मुख्यमंत्री से विमर्श के बाद भाजपा नेता ने बताया कि बैठक के दौरान यह तय हुआ कि हरियाणा में सभी दस सीटों पर भाजपा की रिकॉर्ड विजय को लेकर कार्यक्रम किए जाएंगे, जिसमें पार्टी के दिग्गज नेता आमजन के

हित व प्रदेश के विकास के लिए बनाई गई अपनी योजनाओं को उनके समक्ष रखेंगे। इसके साथ ही सिरसा संसदीय सीट पर भी बड़ी रैलियां की जाएंगी जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल सहित अन्य वरिष्ठ भाजपा नेता शिरकत कर भाजपा प्रत्याशी डॉ. अशोक तंवर के समर्थन में वोटों की अपील करेंगे।

राजस्थान की विरासत और संस्कृति को बनाए रखें : भजनलाल

टीम एक्शन इंडिया

जोधपुर: प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हम सभी को राजस्थान की मजबूती के लिए, राजस्थान को आगे बढ़ाने के लिए और राजस्थान की विरासत एवं संस्कृति को बनाए रखने के लिए राजस्थान के लोग मजबूती प्रदान करें। राजस्थान की परंपराएं, राजस्थान की विरासत को बनाए रखने में सहयोग करें। वे शनिवार को जोधपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। वे आज जोधपुर प्रवास पर केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत की नामांकन रैली कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे थे।

पप्पू यादव को महागठबंधन का धर्म निभाना चाहिए: बीमा

पप्पू यादव कांग्रेस में हैं, वह कुछ दिन पहले ही कांग्रेस में शामिल हुए हैं, यह पूरे देश की लड़ाई है: बीमा

रस्साकसी

8 महागठबंधन का हिस्सा कांग्रेस में शामिल हुए पप्पू यादव पूर्णिया से चुनाव लड़ने की जिद पकड़े बैठे हैं

टीम एक्शन इंडिया

पटना: लोकसभा चुनाव में इस बार महागठबंधन से बिहार का पूर्णिया लोकसभा क्षेत्र सबसे चर्चित रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि, महागठबंधन में पूर्णिया संसदीय क्षेत्र राजद के खाते में है और यहां से राजद ने अभी हाल में ही जदयू छोड़कर

राजद में शामिल होने वाली रूपौली की विधायक बीमा भारती को उम्मीदवार बनाया है। इसके बाद भी महागठबंधन का हिस्सा कांग्रेस में शामिल हुए पप्पू यादव पूर्णिया से चुनाव लड़ने की जिद पकड़े बैठे हैं। इस पर पहली बार शनिवार को बीमा भारती की प्रतिक्रिया आयी है। उन्होंने कहा कि पप्पू यादव कांग्रेस में हैं। वह कुछ दिन पहले ही कांग्रेस में शामिल हुए हैं। यह पूरे देश की लड़ाई है। सिर्फ पूर्णिया की लड़ाई नहीं है। पूरे देश की लड़ाई में इस तरह की बातें करनी अच्छी बात नहीं है। वह हमारे गार्जियन है और गार्जियन की तरह फर्ज निभाने की कोशिश करें, यही हम उनसे निवेदन करेंगे। बीमा भारती ने कहा कि पप्पू यादव हमारे बड़े भाई हैं। उनसे हमारा आग्रह है कि वह महागठबंधन का धर्म निभानाएं। महागठबंधन में शामिल कांग्रेस, राजद और वाम दल सभी लोगों ने मिलकर हमारे नाम का समर्थन किया है। ऐसे में उनको भी हमारा समर्थन करना चाहिए।

पूर्णिया में फ्रेंडली फाइट के सवाल पर उन्होंने कहा कि इस बात पर मैं विचार ही नहीं कर रही कि वह चुनाव मैदान में मेरे खिलाफ उतरेंगे। मुझे उम्मीद है कि वह ऐसा काम नहीं करेंगे और मुझे अपना समर्थन देंगे।

मेरठ की रैली में जयंत पीएम के साथ मंच करेंगे साझा

टीम एक्शन इंडिया

मेरठ: राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया। राष्ट्रपति भवन में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में चौधरी चरण सिंह के पोते चौधरी जयंत सिंह ने यह सम्मान लिया। इसके अगले ही दिन रविवार को रालोद अध्यक्ष चौधरी जयंत मेरठ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ मंच साझा कर चुनाव अभियान का शंखनाद करेंगे। केंद्र सरकार ने चौधरी चरण सिंह को मरणोपरांत भारत रत्न देने की घोषणा की थी।

इसके बाद उनके पोते रालोद अध्यक्ष जयंत सिंह ने प्रधानमंत्री द्वारा उनका दिल जीतने की बात करते हुए एनडीए में शामिल होने की घोषणा की थी। राष्ट्रपति से सम्मान ग्रहण करने के बाद जयंत ने कहा कि मेरे पास शब्द नहीं है। यह सम्मान पाकर बहुत अच्छा लगा। भाजपा पदाधिकारियों के मुताबिक रविवार, 31 मार्च को प्रधानमंत्री मोदी मेरठ में लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान का शंखनाद करेंगे। इस रैली में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ रालोद अध्यक्ष चौधरी जयंत भी प्रधानमंत्री के साथ मंच साझा करेंगे। इस दौरान पांच लोकसभा सीटों के उम्मीदवारों को जिताने का आह्वान किया जाएगा। भारत रत्न सम्मान ग्रहण करने के अगले ही दिन पश्चिमी उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री मोदी और जयंत सिंह की साझा रैली के बड़े राजनीतिक अर्थ निकाले जा रहे हैं। किसानों और जाटों को साधने के लिए यह बड़ा मौका है।

पंजाब में बंद होंगे दो टोल प्लाजा, सरकार ने नहीं बढ़ाई समय सीमा

टीम एक्शन इंडिया

चंडीगढ़: पंजाब सरकार राज्य में दो और टोल प्लाजा बंद करने जा रही है। प्रदेश में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद से अब तक 12 टोल प्लाजा बंद किए जा चुके हैं। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लुधियाना से बरनाला वाया सुधार रायकोट महिल कलां में दो टोल प्लाजा हैं। इनमें एक टोल प्लाजा गांव रकबा के नजदीक मुल्लांपुर व दूसरा गांव महिल कलां के नजदीक है।

कंप्यूटर शिक्षकों का अनुबंध एक साल के लिए बढ़ाया



टीम एक्शन इंडिया

चंडीगढ़: हरियाणा सरकार ने पिछले लंबे समय से अनुबंध के आधार पर काम कर रहे प्रदेश के कंप्यूटर शिक्षकों तथा कंप्यूटर लैब सहायकों का अनुबंध एक साल के लिए बढ़ा दिया है। हरियाणा में 2200 कंप्यूटर लैब सहायक पिछले 13 वर्षों से और 2000 कंप्यूटर शिक्षक दस वर्षों से काम कर रहे हैं, जो बच्चों को कंप्यूटर शिक्षा देने का काम करते हैं। शिक्षा विभाग इनका अनुबंध 31 मार्च को समाप्त होने जा रहा था। इसके चलते शिक्षा निदेशालय ने शनिवार को एक फैसला लेते हुए 1 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक अनुबंध बढ़ा दिया है। कंप्यूटर लैब सहायक वेलफेयर एसोसिएशन और कंप्यूटर शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष करमजीत संधू ने कहा कि हरियाणा सरकार ने शिक्षकों के अभाव को देखते हुए अनुबंध तो बढ़ा दिया है लेकिन वेतन में कोई वृद्धि नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि इस समय कंप्यूटर लैब सहायक का वेतन मात्र 12 हजार रुपये है और शिक्षक का वेतन मात्र 18000 रुपये है जोकि बहुत कम है। इसमें परिवार का गुजारा करना बड़ा मुश्किल है। सरकार को वेतन बढ़ाना चाहिए और अनुबंध बढ़ोतरी को लेकर जो पत्र जारी किया गया है। उससे साफ होता है कि सरकार कंप्यूटर लैब सहायकों और कंप्यूटर टीचर्स को कौशल रोजगार निगम में ले जाने की तैयारी कर रही है। कंप्यूटर लैब सहायक तथा शिक्षक सरकार के इस फैसले का विरोध करेंगे।

राहत

8 हरियाणा में 2200 कंप्यूटर लैब सहायक पिछले 13 वर्षों से और 2000 कंप्यूटर शिक्षक दस वर्षों से काम कर रहे

धर्मशाला में युवा कांग्रेस ने तैयार की चुनावी रणनीति

टीम एक्शन इंडिया

धर्मशाला: हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस ने लोकसभा चुनावों के मद्देनजर शनिवार को धर्मशाला में बैठक कर अपनी रणनीति तैयार की। कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के लोकसभा चुनाव के अलावा धर्मशाला में विधानसभा चुनाव भी होना है, इसी को ध्यान में रखते हुए शनिवार को यूथ कांग्रेस की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक का आयोजन धर्मशाला में किया गया। जिसमें प्रदेश युवा कांग्रेस प्रभारी विनीत कम्बोज, सह-प्रभारी योगेश हांडा, कार्यकारी अध्यक्ष यदुपति ठाकुर सहित सभी जिलाध्यक्ष व विधानसभा अध्यक्ष शामिल हुए। युवा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष निगम भंडारी ने कहा कि लोकसभा चुनावों में युवा कांग्रेस रोजगार के मुद्दे को लेकर जनता के बीच जाएगी। केंद्र की मोदी सरकार ने हर साल दो करोड़ युवाओं को रोजगार देने की बात कही थी, लेकिन इसके बावजूद देश व प्रदेश में बेरोजगारी लगातार बढ़ती जा रही है, ऐसे में रोजगार का वादा पूरा न करने पर भाजपा को घेरा जाएगा। साथ ही भाजपा द्वारा हर चुनाव में महंगाई को कम करने की बात कही जाती है, लेकिन महंगाई घटने के बजाय लगातार बढ़ती जा रही है।

निर्देश जारी पंकज सिंह कुछ दिनों से सुबह-शाम लोगों से सम्पर्क और बैठक कर राजनाथ सिंह को जिताने की अपील कर रहे

उम्मीदवार राजनाथ सिंह के प्रचार में उतरे पंकज सिंह

संवाद

8 कार्यकर्ता के आवास पर प्रबुद्धजनों से संवाद कर भाजपा उम्मीदवार के लिए मत करने की अपील की

टीम एक्शन इंडिया

लखनऊ: रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को भाजपा ने लखनऊ लोकसभा सीट से अपना उम्मीदवार बनाया है। लखनऊ लोकसभा सीट पर वैसे तमाम भाजपा नेता प्रचार में जुटे हैं। इसी बीच भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सिंह चुनाव प्रचार

में उतर आये है। पंकज सिंह कुछ दिनों से सुबह-शाम लोगों से सम्पर्क और बैठक कर उम्मीदवार राजनाथ सिंह को जिताने की अपील कर रहे हैं। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सिंह ने शनिवार को अलीगंज क्षेत्र में सम्पर्क किया। अलीगंज क्षेत्र में एक सामाजिक कार्यकर्ता के आवास पर प्रबुद्धजनों से संवाद कर भाजपा उम्मीदवार के लिए मत करने की अपील की। इससे पहले भी पंकज सिंह ने चारबाग क्षेत्र के वरिष्ठ जनों से मुलाकात की। इस दौरान चारबाग होटल एसोसिएशन के पदाधिकारियों से मिले और उनसे अपनी ताकत लगाकर भाजपा के लिए मतदान कराने की अपील की। चारबाग होटल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने रेलवे स्टेशन के सामने अवैध दुकानों का मामला उठाया।

जिस पर पंकज सिंह ने अपनी ओर से हर कोशिश करने का आश्वासन दिया। इसी तरह मोती नगर में लखनऊ अग्रहरि समाज समिति, कण्टोमेंट एरिया में अग्रवाल समाज के लोगों के साथ बैठक कर भाजपा उपाध्यक्ष ने उम्मीदवार राजनाथ सिंह के विकास कार्यों की जानकारी दी।